आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 201 | इंदौर, मंगलवार 17 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण अमावस्या संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### चांदी 1,486 सस्ती हुई, कीमत 2.41 लाख रुपये प्रति किलो

**नई दिल्ली।** चांदी के दाम में 16 फरवरी को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 1,486 रुपए गिरकर 2,40,947 रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी की कीमत 2,42,433 रुपए किलो थी। वहीं, आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,333 रुपए बढ़कर 1,54,098 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,52,765 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। हालांकि, पिछले तीन कारोबारी दिनों में चांदी 25,502 और सोना 3,224 रुपए सस्ता हुआ है। सराफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1,76,121 रुपए और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 22,023 रुपए और चांदी 1,44,986 सस्ती हो चुकी है।

### डेरा प्रमुख राम रहीम फिर सलाखों के पीछे पहुंचा

**रोहतक।** साध्वी यौन शोषण और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में सजा काट रहे गुरमीत सिंह की 40 दिन की पैरोल अवधि समाप्त हो गई है। निर्धारित समय पूरा होने के बाद वह रविवार शाम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुनारियां जेल पहुंच गया। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह को वर्ष 2017 में पंचकूला स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने दो साध्वियों से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराते हुए 20-20 वर्ष की सजा सुनाई थी। इसके अलावा पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में भी अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा दी थी। वह तब से रोहतक की सुनारियां जेल में बंद है। पैरोल के दौरान वह निर्धारित शर्तों के तहत सिरसा स्थित डेरे में रहा। पैरोल अवधि पूरी होने पर उसे दोबारा जेल में आत्मसमर्पण करना था, जिसके तहत वह तय समय पर जेल पहुंचा।

### सलमान के केस की सुनवाई से हटे जज



**हिरण शिकार मामले में होनी थी सुनवाई, सहआरोपियों के खिलाफ 'लीव टू अपील' पर नई बेंच करेगी फैसला**

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में बहुचर्चित काला हिरण शिकार मामले में सोमवार को नया मोड़ आ गया। जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू ने इस मामले की सुनवाई करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने फाइल को किसी अन्य बेंच के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले की अगली सुनवाई दूसरी बेंच करेगी। दरअसल, साल 1998 के इस मामले में फिल्म अभिनेता सलमान खान की सजा के खिलाफ अपील और राज्य सरकार की ओर से सह-आरोपियों को बरी करने के खिलाफ दायर 'लीव टू अपील' पर संयुक्त सुनवाई होनी थी। तकनीकी प्रक्रियाओं और बेंच बदलने के कारण अब इस मामले की कानूनी प्रक्रिया में नया समय तय होगा। मामला सितंबर-अक्टूबर 1998 का है, जब फिल्म 'हम साथ साथ हैं' की शूटिंग के दौरान कांकाणी गांव की सरहद पर दो काले हिरणों का शिकार किया गया था। निचली अदालत ने सलमान खान को दोषी मानते हुए 5 साल के कारावास और 25 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया था। वहीं, सह-आरोपी सैफ अली खान, नीलम, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और दुष्यंत सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया था। राज्य सरकार ने इन कलाकारों को बरी किए जाने के आदेश को राजस्थान हाईकोर्ट में 'लीव टू अपील' के माध्यम से चुनौती दी थी। सलमान खान के वकीलों ने पूर्व में एक ट्रांसफर पिटीशन दायर की थी, ताकि उनकी सजा के खिलाफ लंबित अपील को राज्य सरकार की अपील के साथ जोड़कर (संलग्न कर) एक साथ सुना जा सके। पूर्व की सुनवाई में जस्टिस मनोज कुमार गर्ग ने निर्देश दिया था कि तकनीकी कारणों से रुकी इस प्रक्रिया को पूरा कर दोनों प्रकरणों को संयुक्त रूप से लिस्ट किया जाए।

### कुट्टू का आटा खाने से 40 से अधिक लोग बीमार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट (ग्रेनो वेस्ट) की इको विलेज-3, रॉयल कोर्ट और हिमालय प्राइड सोसाइटी में महाशिवरात्रि के व्रत के दौरान कुट्टू का आटा खाने के बाद 40 से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई। अधिकांश लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। निवासियों के अनुसार, रविवार को महाशिवरात्रि का व्रत खोलने के लिए कुट्टू के आटे से बने व्यंजन तैयार किए गए थे। सेवन के कुछ ही देर बाद कई लोगों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द, चक्कर और हाथ-पैर सुन्न होने जैसी शिकायतें होने लगीं। इको विलेज-3 सोसाइटी में 30 से अधिक लोग प्रभावित हुए, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### जनवरी में बढ़कर 1.81% पर पहुंची खाने-पीने की चीजें महंगी हुई

**नई दिल्ली।** जनवरी में थोक महंगाई बढ़कर 1.81% पर पहुंच गई है। इससे पहले दिसंबर में थोक महंगाई 0.83% पर थी। ये 10 महीनों में सबसे ज्यादा है। मार्च 2025 को ये 2.05% पर थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 16 फरवरी को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 0.21% से बढ़कर 2.21% हो गई। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई माइनस 0.43% से बढ़कर 1.55% हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 2.31% से घटकर माइनस 4.01 रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 1.82% से बढ़कर 2.86% रही।

# केमिकल फैक्ट्री में धमाका, 8 लोग जिंदा जले

## मौके से बारूद, पटाखे और पैकिंग के डिब्बे मिले, मैनेजर हिरासत में, अवैध रूप से बन रहे थे पटाखे, 3 मृतकों की हुई पहचान

एजेंसी ▶▶ भिवाड़ी

राजस्थान के भिवाड़ी की केमिकल फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है। तीन मृतकों की पहचान बिहार के मोतिहारी जिले के मिंटू, नितेश और सुजान के रूप में हुई है।

इस फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मौके से बारूद, पटाखे और पैकिंग के डिब्बे मिले हैं।

हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। फैक्ट्री मैनेजर अभिनंदन को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

घटना के समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। शरीर के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में इकट्ठा किया। कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने कहा मौके पर देखकर लग रहा है कि छोटा एक्सप्लोसिव मटेरियल था। यह गैस रिसाव नहीं था। एडीएम सुमिता मिश्रा के अनुसार, फैक्ट्री मालिक का नाम राजेंद्र है। उन्होंने किसी तिवारी को यह फैक्ट्री लीज पर दी थी। दोनों से संपर्क नहीं हो पाया है।



### सभी फैक्ट्रियों की जांच होगी

खैरथल-तिजारा जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने 7 दिन में सभी फैक्ट्रियों और औद्योगिक इकाइयों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जांच में यह देखा जाएगा कि औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा के नियम सही तरह से लागू हो रहे हैं या नहीं। इस दौरान वहां चल रही गतिविधियों, आग से बचाव के इंतजाम, जरूरी सरकारी अनुमति और मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से देखा जाएगा।

### फैक्ट्री मैनेजर को पुलिस ने थाने बुलाकर हिरासत में लिया

पुलिस सुबह से फैक्ट्री मालिक और मैनेजर से संपर्क करने की कोशिश कर रही थी। काफी कोशिश के बाद फैक्ट्री के मैनेजर अभिनंदन से फोन पर बात हो पाई। अब पुलिस ने उसे थाने बुलाने के बाद हिरासत में ले लिया और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंचे मंत्री-विधायक

मंत्री संजय शर्मा और तिजारा विधायक बालकनाथ मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंचे, लेकिन परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्हें किसी की सुध नहीं है। ऐसे में वे न तो नेताओं से मिल पाने की स्थिति में है, न ही कुछ बोलने की।

### फैक्ट्री में तेज ब्लास्ट के साथ लगी आग

घटना का सीसीटीवी सामने आया है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि फैक्ट्री में तेज ब्लास्ट के साथ आग लग गई। ब्लास्ट इतना तेज था कुछ देर के लिए ऐसा लगा जैसे भूकंप आया हो।

### राजपाल यादव की नेट वर्थ 50 करोड़ से 85 करोड़ रुपये के बीच फिर भी

## 9 करोड़ के कर्जे के कारण जेल गया एक्टर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्टर राजपाल यादव इस वक्त तिहाड़ जेल में बंद हैं। चेक बाउंस केस में उन्होंने कोर्ट के आदेश के बाद सरेंडर किया था। इसके बाद लोग उनकी नेट वर्थ जानने की कोशिश कर रहे हैं। आइए बताते हैं कि उनके पास कितनी संपत्ती है और फिल्मों के लिए फीस कितनी लेते हैं।

फिल्मों में अपनी कॉमेडी और अभिनय से जान फूंक देने वाले राजपाल यादव इस वक्त मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। 2010 के चेक बाउंस केस में उन्होंने तिहाड़ जेल में सरेंडर किया और अब धीरे-धीरे करके उनकी मदद के लिए आगे आ रहे हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि 54 साल के एक्टर बेरोजगार हैं। उनके पास फिल्में नहीं हैं, जिस कारण वह पैसे चुका नहीं पा रहे हैं। वह कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रहे हैं और आगे भी दिखाई देंगे। उसके लिए वह मोटी फीस भी ले रहे हैं और नेट वर्थ 50 करोड़ से 85 करोड़ रुपये के बीच बताई जा रही है।



राजपाल यादव पर 9 करोड़ रुपये का कर्ज है। उन्होंने एक कंपनी से फिल्म बनाने के लिए 2010 में 5 करोड़ रुपये लिए थे। जिसके बाद वो फिल्म रिलीज होते ही पिट गई और पैसे डूब गए। जब कंपनी ने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने 7 चेक दिये, जो कि बाउंस हो गए और उसके बाद ये मामला सालों से कोर्ट में चलता रहा और आखिर में दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें सरेंडर करने के लिए कह दिया। क्योंकि इन 16 सालों में वह 5 करोड़ रुपये, ब्याज और रकम में देरी को मिलाकर 9 करोड़ रुपये के कर्ज में तब्दील हो गए।

### राजपाल की नेट वर्थ

ऑनलाइन दावों के मुताबिक, राजपाल यादव एक फिल्म के लिए करीब 1 से 2 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं। उन्होंने कार्तिक आर्यन स्टारर 'भूल भुलैया 2' के लिए कथित 1.25 करोड़ रुपये लिए थे। 'चंदू चैम्पियन' में भी उन्हें फीस के तौर पर 2 करोड़ रुपये मिले थे। 'बेबी जॉन' में उन्होंने 1 करोड़ रुपये लिए थे, जबकि वरुण धवन की फीस 25 करोड़ रुपये थी। वहीं, उनकी नेट वर्थ, 50 करोड़ रुपये से 80-85 करोड़ रुपये के पास बताई जाती है।

### राजपाल यादव के पास कौन-सी कार है?

राजपाल यादव फिल्मों के अलावा, ब्रांड एंडोर्समेंट और इवेंट्स के जरिए भी कमाई करते हैं। वह प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट से लेकर रीजनल इंडस्ट्री के जरिए भी मोटा पैसा छापते हैं। उनकी सालाना इनकम 30-35 लाख रुपये बताई गई है। कुछ रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया है कि इनके पास ऑडी और बीएमडब्ल्यू जैसी लग्जरी कार भी हैं।

### अजयगढ़ में कन्या भोज के दौरान मधुमक्खियों का हमला

## 10 बच्चों समेत 12 लोग घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पन्ना

पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र में ठाकुर बाबा मंदिर परिसर में आयोजित कन्या भोज के दौरान एक खौफनाक घटना सामने आई। कार्यक्रम के दौरान अचानक मधुमक्खियों के बड़े झुंड ने हमला कर दिया, जिसमें 10 बच्चे और 2 अन्य लोग घायल हो गए।

हमले से कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत हिम्मत दिखाते हुए घायलों को संभाला और पास के अजयगढ़ अस्पताल पहुँचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सभी लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंचायत लोलाश के ठाकुर बाबा मंदिर में कन्या भोज भंडारा कार्यक्रम चल रहा था। बच्चे, बालिकाएं और महिलाएं प्रसाद ग्रहण कर रहे थे कि अचानक मधुमक्खियों का झुंड परिसर में घुस आया और लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले के कारण वहां भगदड़ मच गई और कई लोग मधुमक्खियों के डंक से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की त्वरित मदद से बड़ी तबाही टल गई, लेकिन घटना के बाद आसपास का माहौल तनावपूर्ण हो गया।



### घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया

अजयगढ़ प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने घायलों की देखभाल सुनिश्चित की है। सभी घायलों का इलाज जारी है और गंभीर स्थिति वाले बच्चों व अन्य लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## गुजरात के 32 स्कूलों में बम की धमकी

### ईमेल में लिखा- बस को उड़ा देंगे हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिए बम की धमकी दी गई। वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए। बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में तलाशी शुरू कर दी। फिलहाल स्कूलों को खाली करा लिया गया है और वाहनों व स्कूल परिसरों की जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी खाली करा लिया गया है। वडोदरा पुलिस कमिश्नर नरसिम्हा कुमार ने बताया कि टीचर्स और स्टूडेंट को स्कूलों से घर भेज दिया गया है। 9 स्कूलों पर जांच पूरी हो चुकी है, बाकी जगह जारी है। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जाएगी। हम पता लगा रहे हैं कि ईमेल किस आईडी से और कहां से भेजा गया है।

### जीतू पटवारी का शिवराज सिंह चौहान पर हमला

## 1.66 लाख किसान सम्मान निधि सूची से बाहर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्रीय कृषि मंत्री पर निशाना साधते हुए इसे किसान-विरोधी कदम बताया और आरोप लगाया कि तकनीकी कारणों, विशेषकर ई-केवायसी की जटिलताओं के चलते पात्र किसानों के नाम हटाए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि इस तरह की तकनीकी समस्या के लिए नीतिगत समाधान ढूंढा जाए, जिससे सभी पात्र किसानों को उनका हक मिल सके।

मप्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से पिछले तीन वर्षों में 1.66 लाख से अधिक किसानों के नाम हटाए जा चुके हैं। इसे लेकर कांग्रेस ने बीजेपी सरकार को घेरा है। जीतू पटवारी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा है कि कृषि मंत्री जी मध्य प्रदेश के किसानों से पता नहीं किस बात का बदला ले रहे हैं। राज्यसभा में प्रस्तुत सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस कटौती से केंद्र से मिलने वाली सहायता में 93.77 करोड़ रुपये की कमी आई है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। लाभार्थियों के नाम हटाने के प्रमुख कारणों में ई-केवायसी अधूरी रहना, भूमि अभिलेखों में त्रुटि या अद्यतन न होना, आयकर दाता या अपात्र श्रेणी में आना और डुप्लीकेट या फर्जी पंजीकरण की पहचान जैसे कारण प्रमुख हैं।



### किसानों के नाम हटने पर विवाद

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपए की सहायता तीन समान किश्तों में डीबीटी के जरिए दी जाती है। यह योजना फरवरी 2019 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई थी और इसका पूरा व्यय केंद्र सरकार वहन करती है। मप्र में किसानों को राज्य की अतिरिक्त सहायता मिलाकर कुल 12 हजार रुपये वार्षिक लाभ मिलता रहा है। प्रदेश में साल 2022 में लाभार्थियों की संख्या सबसे ज्यादा थी। लेकिन ई-केवाईसी अधूरा रहने, दस्तावेजी त्रुटियों, अपात्रता और सख्त सत्यापन अभियान के कारण पिछले तीन साल में लगभग 1.66 लाख किसान योजना से बाहर हो गए हैं।

## सीएम यादव महाशिवरात्रि पर्व पर मालीपुरा में शिव विवाह उत्सव में सम्मिलित हुए



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार रात मालीपुरा उज्जैन में आयोजित शिव विवाह उत्सव में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मालीपुरा स्थित श्री लक्ष्मी नारायण एवं नौ नारायण मंदिर पर दर्शन कर भगवान से देश प्रदेश की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दर्शन उपरांत कहा कि मालीपुरा उज्जैन का गौरव है। यहां पर सभी पर्व बड़े हर्ष उल्लास से मनाए जाते हैं। हम सभी सद्मार्ग पर चल कर देश प्रदेश की सुख समृद्धि में योगदान दें।

### बढ़ता कर्ज, नंबर वन होने को प्रदेश बेकरार, मार्च 2026 तक तमिलनाडु पर 9 लाख करोड़ से ज्यादा का कर्ज होने का अनुमान

# पहले 10 कर्जदारों में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

भारत में राज्यों की निरंतर रूप से कर्ज लेने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। वर्तमान में तमिलनाडु प्रथम 10 की सूची में पहले नंबर पर हैं। बड़े कर्जदारों की सूची में दूसरे नंबर पर उत्तरप्रदेश चल रहा है और तीसरे नंबर पर महाराष्ट्र चल रहा है। कर्जदारों की इस सूची में मध्यप्रदेश भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश का कुल कर्ज 4.18 लाख करोड़ के पार पहुंच चुका है जो कि राज्य के बजट से अधिक हो गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक और राज्य बजट के दस्तावेजों के मुताबिक कई बड़े और छोटे राज्यों पर काफी ज्यादा कर्ज है। 2025-26 के लेटेस्ट डेटा से ऐसा पता चलता है कि यह स्थिति काफी ज्यादा गंभीर है। यह अब डेवलपमेंट खर्च, वित्तीय स्थिरता और लंबे समय की आर्थिक ग्रोथ पर असर डाल रहा है।

- **टाप टेन में तमिलनाडु सबसे ऊपर -** कुल बकाया कर्ज के मामले में तमिलनाडु फिलहाल सबसे ज्यादा कर्ज वाला भारतीय राज्य है। 2024 में राज्य का कर्ज रूपए 8.34 लाख करोड़ से ज्यादा का हो गया है और 31 मार्च 2026 तक इसके 9 लाख करोड़ से ज्यादा होने का अनुमान है।
- **उत्तर प्रदेश दूसरे, महाराष्ट्र तीसरे नंबर पर-** उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है जिसका बकाया कर्ज 2025-26 के अनुमानों के मुताबिक लगभग 8.2 लाख करोड़ से 8.5 लाख करोड़ पहुंच सकता है। महाराष्ट्र की बात करें तो 2024-25 में इसका कर्ज लगभग 7.22 लाख करोड़ था।
- **टाप 5 में बंगाल और कर्नाटक -** पश्चिम बंगाल लगभग 6.58 लाख करोड़ के कर्ज के साथ चौथे स्थान पर है। इतना ही नहीं बल्कि राज्य का कर्ज से जीएसडीपी अनुपात भी ज्यादा रहा है। वहीं कर्नाटक की बात करें तो वह 5.97 लाख करोड़ कर्ज के साथ 5वें स्थान पर है।
- **टॉप 10 में मध्यप्रदेश भी शामिल-** राजस्थान पर 5.62 लाख करोड़ का कर्ज है। आंध्र प्रदेश का कुल कर्ज भार 4.90 लाख करोड़ है। गुजरात राज्य पर कुल कर्ज 4.67 लाख करोड़ रुपए का है। केरल का कुल कर्ज 4.29 लाख करोड़ रुपए हो गया है। वहीं मध्य प्रदेश का कुल कर्ज 4.18 लाख करोड़ के पार पहुंच चुका है।



### कर्ज से जीएसडीपी अनुपात

हालांकि कुल कर्ज के आंकड़े ध्यान खींचते हैं लेकिन कर्ज से जीएसडीपी अनुपात को वित्तीय सेहत का ज्यादा सटीक संकेतक माना जाता है। पंजाब सबसे खराब स्थिति में है जहां कर्ज उसके जीएसडीपी का लगभग 44.5% हो गया है। जम्मू कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश ने खतरनाक 50% का आंकड़ा पार कर लिया है। इसी के साथ पश्चिम बंगाल और केरल 35 से 38% की रेंज में हैं।

### इन राज्यों ने बेहतर मैनेज किया

कुल मिलाकर तनाव के बावजूद भी कुछ राज्यों ने काफी अच्छा वित्तीय प्रबंधन दिखाया है। गुजरात, महाराष्ट्र और उड़ीसा ने अपने कर्ज से जीएसडीपी अनुपात को 20% के करीब या उससे नीचे रखने में कामयाबी हासिल की है। जनवरी 2026 के अनुमानों के मुताबिक राज्यों से ऐसी उम्मीद है कि वह वित्तीय वर्ष की आखिरी तिमाही में लगभग 5 लाख करोड़ का कर्ज लेंगे। 16वें वित्त आयोग द्वारा वित्तीय मजबूती पर जोर देने के साथ लक्ष्य 2031 तक केंद्र और राज्य के संयुक्त कर्ज को जीडीपी के 50% तक कम करना है।

### केंद्रीय बजट आते ही प्रदेश ने लिया कर्ज

केंद्रीय बजट आने के दो दिन बाद मध्यप्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में 5200 करोड़ रुपए का कर्ज फिर से लिया है। यह कर्ज प्रदेश सरकार को तीन किस्तों में जारी किया जाएगा। इसके बदले में राज्य को अपनी वित्तीय स्वायत्तता में भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। इस नए कर्ज के साथ मध्य प्रदेश का कुल कर्ज अब लगभग 4.75 लाख करोड़ का हो जाएगा, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य के 4.2 लाख करोड़ रुपए के बजट से लगभग 55 हजार करोड़ रुपए अधिक है। राज्य सरकार अपने बढ़ते कर्ज के बोझ को सही ठहरा रही है। सरकार का कहना है कि अपने बड़े विकास लक्ष्यों के अनुरूप सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए धन की आवश्यकता होती है। विकास कार्यों के लिए सरकार भविष्य में भी कर्ज लेती रहेगी।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

ज्यादा भीड की संभावना मे शनिवार देर रात से लाईन मे लगकर कई श्रद्धालुओं ने तडके दर्शन किए, अनुमानित संख्या के मुकाबले कम रही संख्या,अभी सोमवार रात 11 बजे तक निरंतर दर्शन होंगे

# सरपट आए श्रद्धालु, चलना ज्यादा पडा, दर्शन हुए फटाफट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाशिवरात्रि पर भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए ज्यादा भीड के उमडने की संभावना के चलते शनिवार देर रात से ही श्रद्धालु कतार में लग गए थे। देर रात 2.30 बजे से भगवान के दर्शन का क्रम चालू हुआ और श्रद्धालुओं ने भगवान का दर्शन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को चलायमान भस्मार्ती के दर्शन भी हुए। मंदिर प्रबंध समिति की व्यापक व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की कम संख्या के कारण श्रद्धालु कतार में सरपट आए और भगवान के दर्शन कर फटाफट निकल गए। इस दौरान उन्हें करीब 2.5 किलोमीटर से अधिक पैदल चलना पडा है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान के दर्शनों का मोह श्रद्धालुओं को बढता जा रहा है लेकिन इस बार मंदिर प्रबंध समिति के अनुमान से दो दिवसीय पर्व के तहत पहले दिन कम श्रद्धालुओं का आगमन हुआ है। मंदिर प्रबंध समिति को दो दिनों में 10 लाख श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान था जो कि सहज ही था । मंदिर में सामान्य दिनों में ही सवा से डेढ लाख श्रद्धालुओं का आगमन होता है। इसके पीछे कारण बोर्ड की परीक्षाओं का नियमित होना एवं अति चाव एवं रोमांच से भरपूर भारत - पाकिस्तान क्रिकेट मैच का भी इसी दिन होना संभावित बताया जा रहा है।



### सरपट चलना पडा, दर्शन फटाफट हुए

महाराष्ट्र के संभाजी नगर से आए श्रद्धालुओं की टोली ने बताया कि उनका आज उज्जैन में दुसरा दिन है। भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए उन्हें लंबा और सरपट चलना पडा। दर्शन भी फटाफट हो गए। उनके अनुसार मंदिर समिति की व्यवस्थाएं पर्याप्त थी लेकिन उसके आगे श्रद्धालुओं की संख्या कम लग रही थी। मंदिर में बेरिकेट्स से दर्शन किए हैं।

### किस श्रद्धालु को कितना चलना पडा

**सामान्य श्रद्धालुः** श्रद्धालु भील समाज धर्मशाला के समीप के दर्शन द्वार से प्रवेश कर - चारधाम मंदिर पार्किंग स्थल - शक्ति पथ - त्रिवेणी संग्रहालय के समीप से - नंदीद्वार - श्री महाकाल महालोक - मानसरोवर भवन - फेसेलिटी सेंटर 01 - टनल - नवीन टनल 01 - गणेश मण्डपम् से भगवान के दर्शन किए। दर्शन उपरांत आपातकालीन निर्गम द्वार से बाहर निकले ओर बड़ा गणेश मंदिर के समीप - हरसिद्धि मंदिर चौराहा होते वापसी पार्किंग की और रही।

**शीघ्र दर्शन रू.250:** भील समाज धर्मशाला के समीप पृथक से बैरिकेटिंग पंक्तिबद्ध प्रवेश कर - चारधाम मंदिर पार्किंग स्थल - अशोक सेतु से - मानसरोवर भवन - फेसेलिटी सेंटर 01 - टनल - नवीन टनल 01 - गणेश मण्डपम् से भगवान के दर्शन किए। आपातकालीन निर्गम द्वार से बाहर बड़ा गणेश मंदिर के समीप - हरसिद्धि मंदिर चौराहा होते हुए रवाना हुए। इसी प्रकार शीघ्र दर्शन व्यवस्था 2 के तहत हरसिद्धि पाल पार्किंग जिगजेग में होते हुए - बड़ा गणेश के समीप वाली गली - प्रीपेड बूथ तिराहा - शहनाई जिगजेग - द्वार नंबर 01 से मंदिर में प्रवेश कर - फेसेलिटी सेंटर 01 - टनल - नवीन टनल 01 - गणेश मण्डपम् से भगवान के दर्शन किए। दर्शन उपरांत आपातकालीन निर्गम द्वार से बाहर की ओर बड़ा गणेश मंदिर के समीप ।

### उमा भारती ने भी किए दर्शन



**अपरांह में स्टेट पूजाः** मंदिर प्रबंध समिति की और से रविवार अपरांह में सिंधिया और होल्कर स्टेट की और से विधिविधान पूर्वक पूजन किया गया। शासकीय पूजारी घनश्याम शर्मा ने इस पूजन को संपन्न करवाया। इससे पूर्व दोपहर में तहसील की और से विधि विधान के अनुसार भगवान का पूजन किया गया।

### दोपहर में भस्मार्ती आज

सोमवार को भगवान की तडके की जाने वाली भस्मार्ती दोपहर 12 बजे होगी। वर्ष में एक बार ही यह आरती दिन में होती है। इसके चलते भगवान की भोग आरती का समय भी अपरांह में रहेगा।

### शहर भर में आयोजन

महाशिवरात्रि पर शहर के अधिकांश मंदिरों पर धार्मिक आयोजन का सिलसिला रविवार को देखा गया है। इसके अंतर्गत खिचडी एवं फरियाली सामग्री का वितरण भी शहर भर में रहा है। अनुमानित करीब 250 से अधिक स्थानों पर शहर में चाय,फल ,फरियाली का वितरण किया गया। विभिन्न संगठनों ने इसके आयोजन किए।

### 44 घंटे बाद सोमवार रात बंद होंगे पट

शनिवार–रविवार देर रात 2 बजे मंदिर के पट खोल दिए गए थे। 2.30 बजे भस्मार्ती की गई उसके उपरांत विधिविधान से पूजन किया गया । निरंतर रूप से पूजन का दौर चलता रहा है। रविवार रात को चार प्रहर की विशेष पूजा का दौर शुरू किया गया है। इस दौरान भी पहुंचने वाले श्रद्धालु बराबर दर्शन कर रहे थे। सायं 7 बजे से रात 10 बजे तक कोटितीर्थ कुण्ड के तट पर विराजित कोटेश्वर महादेव का पूजन, सप्तधान्य अर्पण, पुष्प मुकुट श्रृंगार (सेहरा) के उपरान्त आरती की गई। इसके बाद रात 10 बजे से महापूजन शुरू हुआ था। प्रातः 6 बजे तक भगवान महाकालेश्वर का महाअभिषेक पूजन श्रृंगार चलेगा। जिसमे एकादश एकादशनी रूद्रपाठ व विभिन्न मंत्रो के माध्यम से 11 ब्राह्मणों द्वारा देवादिदेव भगवान महाकालेश्वर का अभिषेक किया जायेगा। उसके बाद भस्म लेपन, विभिन्न प्रकार के पांच फलों के रसों से अभिषेक, पंचामृत पूजन (101 लीटर दूध, 31 किलो दही, 21 किलो खांडसारी, 21 किलो शहद, 15 किलो घी) से अभिषेक, गंगाजल, गुलाब जल, भाँग आदि के साथ केसर मिश्रित दूध से अभिषेक किया जायेगा।मंदिर निरंतर रूप से खुला रहा है। सोमवार को दोपहर की भस्मार्ती के बाद रात 11 बजे शयन आरती के उपरांत ही पट बंद होंगे।

## ऐसे निर्माण तो समस्याजनक रहेंगे...

हाल ही में एक बार फिर शहर के एक प्रमुख देव स्थल के मुख्य द्वार से सौंदर्य की भारी भरकम सामग्री धरातल पर आ गिरी। जहां शहर में सदियों पुराने निर्माण सतत रूप से चल रहे हैं और उनमें कोई दरार तक नहीं आई ऐसी स्थिति में 10-12 साल पहले के इन निमार्णों का दरकना समझ से परे है और सवालिया स्थिति में भी है। प्रदेश के नामी विभाग के कामी-दामी जिम्मेदारों ने इस निर्माण को अंजाम दिया और उसके बाद भी ऐसा होना किसी भी स्थिति में वाजिब नहीं माना जा रहा है। 10-12 साल की अवधि कोई बहुत बडी अवधि नहीं होती है न ही इतनी कम समयावधि में ऐसा होना ही चाहिए। इससे महाआयोजन 2016 के दौरान किए गए कामों पर शंका की छाया पूरी तरह से मंडराने लगी है। एक नहीं अनेक कामों के दरकने का मामला भी बराबर बना हुआ है। इसी धर्म स्थल में ये पहली बार नहीं हुआ है पूर्व में भी यहां ऐसा हुआ है। नामी-कामी-दामी विभाग के जिम्मेदारों की और से इस तरह के मामले हो जाने के बावजूद उच्च स्तर से भी कोई बयान सामने नहीं आना सीधे तौर पर आंख चुराने जैसा ही माना जा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि निर्माण कार्यों में धर्मस्थलों में अगर इस प्रकार की गुणवत्ता के काम सामने आएंगे और ऐसे में कोई हादसा हो गया तो फिर इसके लिए कौन जिम्मेदार माना जाएगा इसे पूर्व से ही तय किया जाना चाहिए। इसमें संबंधित निर्माण कंपनी के साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी बांड भरवाना चाहिए। जिसमें निर्माण की गुणवत्ता के साथ उसके निषिद्ध काल की अवधि के लिए इन्हें जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। संबंधित समयावधि से पूर्व निर्माण कार्यों के दरकने पर संयुक्त रूप से जिम्मेदारी मानकर इनसे वसूली की जाना चाहिए।

## ट्रैंडिंग




## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किए महाकाल दर्शन

### व्यापार मेला एवं विक्रमोत्सव का शुभारंभ किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रविवार को गृह नगर उज्जैन आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान श्री महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर देश प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। इससे पूर्व उन्होंने इंजीनियरिंग कालेज परिसर में उज्जैन व्यापार मेले का शुभारंभ किया। मंदिर से दर्शन करने के उपरांत उन्होंने विक्रमोत्सव का पालिटेक्निक कालेज परिसर में शुभारंभ किया।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मंदिर में दर्शन पूजन में सहभागिता की तथा श्री महाकाल बाबा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया। पूजन के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्रद्धालुओं से संवाद किया ।



## भारत-पाक मुकाबले से पहले उज्जैन में हवन-पूजन

**उज्जैन।** रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच श्रीलंका में होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह रहा। भारतीय टीम की जीत के लिए उज्जैन के प्रसिद्ध अंगारेश्वर मंदिर में क्रिकेट प्रेमियों, पंडित-पुजारियों ने मिलकर हवन-पूजन और विशेष अनुष्ठान किया।

आईसीसी टी-20 के वर्ल्ड कप मुकाबले में चिर परिचित प्रतिद्वंदी टीम इंडिया और पाकिस्तान रविवार को मैच खेला । मैच शुरू होने से पहले देशभर में भारतीय टीम की जीत के लिए पूजन अर्चन किया। रविवार सुबह अंगारेश्वर मंदिर में करीब 50 से अधिक पण्डे-पुजारियों और श्रद्धालुओं ने मिलकर भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना की। इस दौरान सूर्य कुमार यादव, अभिषेक शर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे सहित टीम के खिलाड़ियों के फोटो अंगारेश्वर मंदिर के शिवलिंग के पास रखकर पूजन अर्चन किया।

## श्री अंगारेश्वर महादेव के दिव्य सेहरा श्रृंगार के बाद 2 क्विंटल फलाहारी खीर का लगा भोग





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिद्धवट क्षेत्र स्थित प्राचीन श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर भगवान का विशेष पूजन-अर्चन कर आकर्षक श्रृंगार किया गया। भगवान को भांग और सूखे मेवों से बना सुंदर सेहरा बांधा गया, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

मंदिर के पुजारी पं. मनीष अर्जुन उपाध्याय और रोहित उपाध्याय ने बताया कि इस विशेष अवसर पर भगवान को 2 क्विंटल फलाहारी खीर का महाभोग लगाया गया। इसके पश्चात शाम 5 बजे भगवान की भव्य महाआरती की गई। आरती के बाद उपस्थित भक्तों में फलाहारी खीर प्रसादी का वितरण किया गया।

## 28 फरवरी को होगी 6 बड़े ग्रहों की परेड, इन राशि वालों की चमक उठेगी किस्मत

ग्रहों के इस दुर्लभ संयोग का खास प्रभाव इन 3 राशि वालों पर दिखाई देगा। आपका भाग्य चमक सकता है और सभी कार्यों में अच्छे व मनचाहे परिणाम हासिल हो सकते हैं।

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फरवरी 2026 ज्योतिष दृष्टि से बेहद विशेष मानी जा रही है, क्योंकि इस माह आकाश में ग्रहों की एक दुर्लभ स्थिति बनने वाली है। खगोल वैज्ञानिकों के अनुसार, 28 फरवरी 2026, शनिवार को सूर्यास्त के बाद पश्चिमी या दक्षिण-पश्चिमी क्षितिज पर कई ग्रह एक सीध में नजर आने वाले हैं। इन ग्रहों में मुख्य रूप से राजकुमार बुध, वैभव शुक्र, न्याय के दाता शनि, देवगुरु बृहस्पति के साथ यूरेनस और नेप्च्यून ग्रहों का नाम शामिल है। ज्योतिष के अनुसार, यह दुर्लभ प्लैनेटरी अलाइनमेंट मार्च तक चलने वाला है। परंतु 28 फरवरी 2026 को यह अधिक प्रभावशाली होगी। मान्यता है कि, एक साथ कई ग्रहों के सक्रिय होने से कुछ राशि वालों के जीवन में नई ऊर्जा, कार्यक्षेत्र में परिवर्तन व काम को लेकर निर्णय बेहतर होंगे। साथ ही कई अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

### मेष राशि

ग्रहों की कतार मेष राशि वालों के लिए लाभ के नए द्वार खुलेंगे। आपको नई नौकरी या व्यापार में हिस्सेदारी प्राप्त होगी।

मेष राशि वालों के धन कमाने के अवसर बढ़ेंगे और करियर में नई नौकरी या बेहतर ऑफर मिलने की संभावना बनेगी।

इस समय आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और रुके हुए काम गति पकड़ सकते हैं।

किसी नए काम को करने की ऊर्जा बढ़ेगी और कई परिवर्तन जीवन में महसूस होंगे।

### कन्या राशि

कन्या राशि वालों के लिए यह समय भाग्योदय करने वाला साबित हो सकता है।

इस समय आपको मनचाहा लाभ मिलने के योग बनेंगे और योजनाओं में सफलता मिलने की संभावना रहेगी।

मेहनत का सकारात्मक परिणाम दिखाई देगा।

कन्या राशि वालों के लिए समय कला के क्षेत्र में मौके लेकर आएगा और आपको धन लाभ की भी संभावनाएं हैं।

धन लाभ के अवसरों में वृद्धि के योग हैं।

### मीन राशि

मीन राशि वालों को इस अवधि में धन लाभ के मजबूत संकेत मिल रहे हैं।

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

परिवार और कार्यक्षेत्र दोनों जगह संतुलन बना रहेगा।

विवाह के योग बनेंगे और घर में सभी के साथ अच्छा संवाद होगा।

मीन राशि वालों के आमदनी के लिए नए-नए रास्ते खुलेंगे।

# संस्कृत की क्लास शुरू पाकिस्तान में, पहले सत्र मे आठ विद्यार्थी सीख रहे व्याकरण

विभाजन के इतने लंबे अर्से बाद अब लाहौर मे एक बार फिर संस्कृत का उद्भव होना नई पीढी की स्वस्थ सोच को बढाने मे कितना फलदायी होगा ये तो आनेवाला समय बताएगा किन्तु शाहीद रशीद जैसे लोग इस्लामी देश मे एक वृहद व स्वस्थ विचार रखते हैं जो कि सराहनीय है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

(पं राहुल शुक्ल)

भाषा देश व सीमा से परे होती है। भाषा किसी एक धर्म की नहीं होती बल्कि ये तो पुरातन साझा विरासत है दोनो ही मुल्क भारत व पाकिस्तान की ये सोच रखनेवाले लाहौर के एसोसिएट प्रोफेसर शाहीद रशीद ने व्यक्तिगत प्रयास किए और इस वर्ष लाहौर की यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंस मे संस्कृत का एक क्रेडिट ऐच्छिक कोर्स शुरू किया। जेन जी ने अपनी साझा संस्कृति के प्रति रूझान दिखाते हुए इस कोर्स मे एडमिशन लिए और पहले ही सत्र मे आठ विद्यार्थी इस कोर्स को पूरी शिद्दत से कर रहे हैं।





### शुरूआत कार्यशाला से

समाजशास्त्री डॉ शाहीद रशीद ने अपना शोध कार्य इस्लामिक विचार व सभ्यता पर किया है। उनके मन मे विचार आया कि संस्कृत के कुछ प्राचीन ग्रंथ , लाहौर के मुस्लिम एंग्लो ओरिएंटल कालेज की लायब्रेरी मे रखे हैं जो पूर्व मे सनातन धर्म कालेज कहलाता था। विभाजन से पहले सनातन धर्म कालेज, संस्कृत का एक प्रसिद्ध केन्द्र था जिसके प्राचार्य संस्कृत के मूर्धन्य विद्वान पं रघुवीर दयाल शास्त्री थे। उस दौरान संस्कृत लाहौर मे खूब फलीफूली और दूर दूर से स्कॉलर यहां संस्कृत सीखने आते थे। विभाजन के बाद सनातन कालेज , भारत के अंबाला कैंट मे स्थानांतरित हो गया और इसकी जगह मुस्लिम - एंग्लो ओरिएंटल कालेज ने ले ली।

### संस्कृत की लिपि बहुत सुन्दर

अधिकतर विद्यार्थी संस्कृत की सुन्दर लिपि से प्रभावित हैं । छात्रा व पाकिस्तान की मशहूर पत्रकार सैहर मिर्जा का कहना है कि देवनागरी लिपि बहुत ही सुन्दर है। गीता और महाभारत जैसे सनातनी धर्म के मर्म को समझने के लिए ही उन्होने इस कोर्स मे प्रवेश लिया है।

### गीता के दर्शन को समझने की ललक

शाहीद रशीद ने स्वयं पहले सोश्यल प्लेटफार्म के आनलाइन प्रोग्राम से शास्त्रीय संस्कृत व्याकरण सीखी और उन्हे ये समझते देर न लगी कि उर्दू के कई शब्दों का संस्कृत से गहरा साम्य व नाता है । चांद , सितारे आदि शब्दों की उत्पत्ति प्राचीन भाषा संस्कृत से ही माना जा सकता है। पहले तीन सप्ताह की एक वर्कशॉप संस्कृत की शुरू की गई जिसमे सात से आठ विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रवेश लिया और वे लगातार संस्कृत के श्लोकों के अर्थ सीख रहे हैं।

### दक्षिण एशिया की आत्मा है संस्कृत

डॉ शाहीद रशीद का मानना है कि संस्कृत को हिन्दू धर्म से जोडकर नहीं देखना चाहिए । ये प्राचीन भाषा पूरे दक्षिण एशिया की साझा विरासत है। प्रसिद्ध ग्रंथअष्टाध्यायी के रचनाकार पाणिनी का संबंध अविभाजित भारत के गांधार से रहा है जो अब अफगानिस्तान- पाकिस्तान का क्षेत्र है। जब पाकिस्तान के छात्र जर्मन व अन्य विदेशी भाषा सीख रहे हैं तो अपनी साझा विरासत संस्कृत क्यों नही सीखें। वे संस्कृत का श्लोक ॥ अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम ।उदार - चरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम।। का अर्थ उद्धृत करते हुए विद्यार्थियों को समझाते हैं कि संकुचित सोच रखना मूर्ख को काम है और वृहद सोच रखकर पूरे विश्व को एक परिवार मानकर इंसान से प्रेम रखना ही बुद्धिमान मनुष्य की पहचान है। विभाजन के इतने लंबे अर्से बाद अब लाहौर मे एक बार फिर संस्कृत का उद्भव होना नई पीढी की स्वस्थ सोच को बढाने मे कितना फलदायी होगा ये तो आनेवाला समय बताएगा किन्तु शाहीद रशीद जैसे लोग इस्लामी देश मे एक वृहद व स्वस्थ विचार रखते हैं ये सराहनीय है।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार, 17 फरवरी , 2026 | www.awantika.com 

# ट्यूशन से लौट रहे मासूमों पर वर्दी का कहर, बीच सड़क पर एसआई ने बच्चों को जड़े थप्पड़

## वदीर्धारी बोला शिकायत की तो अंदर करवा दूंगा, वीडियो वायरल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर के 51 नंबर कॉलोनी क्षेत्र में बुधवार शाम एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। ट्यूशन से घर लौट रहे दो मासूम बच्चों को रास्ते में एक वदीर्धारी पुलिसकर्मी द्वारा रोककर कथित रूप से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संबंधित पुलिसकर्मी वर्दी में था और उसकी वर्दी पर दो स्टार लगे हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पुलिसकर्मी ने अचानक बच्चों को रोका और बिना किसी स्पष्ट कारण के उन्हें डांटते हुए थप्पड़ मारे। अचानक हुई इस घटना से दोनों बच्चे बुरी तरह घबरा गए और रोते हुए घर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि बच्चे काफी सहमे हुए थे और शुरूआत में उन्होंने घटना के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। बाद में पूछताछ करने पर उन्होंने पूरी बात बताई। आरोप है कि पुलिसकर्मी ने बच्चों को धमकी दी थी कि यदि उन्होंने किसी से शिकायत की तो उन्हें अंदर करवा दिया जाएगा। इसी डर के कारण बच्चे चुप रहे।



### लोगों ने संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई। रहवासियों का कहना है कि यदि बच्चों से कोई गलती भी हुई थी तो उन्हें समझाकर छोड़ा जा सकता था, लेकिन इस तरह मारपीट करना और धमकाना अमानवीय है। लोगों ने संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल इस मामले में कही शिकायत नहीं हुई हैं घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा हैं।

**मध्यप्रदेश में 18-19 फरवरी को बारिश के आसार; भोपाल-इंदौर में बादल छाएंगे**

# उज्जैन संभाग में भी दिखेगा नए सिस्टम का असर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से ग्वालियर, चंबल-सागर के साथ उज्जैन संभाग में भी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने 18 और 19 फरवरी को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और नीमच में बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। भोपाल और इंदौर में बादल छा सकते हैं।

रविवार को प्रदेश में मौसम का मिला-जुला असर दिखने को मिला। खंडवा-खरगोन में दिन का तापमान 34 डिग्री के पार पहुंच गया, तो दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, इंदौर, रायसेन, रतलाम, उज्जैन, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, सागर, सतना और उमरिया में पारा 30 डिग्री या इससे अधिक रहा।

वहीं, शनिवार-रविवार की रात की बात करें तो कटनी का करौंदी सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री दर्ज किया गया। पचमढ़ी में 9.2 डिग्री, कल्याणपुर में 9.4 डिग्री और रीवा में 9.6 डिग्री रहा। 5 बड़े शहरों में इंदौर में सबसे कम 11.5 डिग्री, ग्वालियर में 11.7 डिग्री, भोपाल में 13 डिग्री, उज्जैन में 13.5 डिग्री और जबलपुर में तापमान 14.3 डिग्री दर्ज किया गया।

## न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी



### अभी रात में ही सर्दी का दौर

वर्तमान में प्रदेश में हल्की सर्दी का दौर ही जारी रहेगा। रात और सुबह के समय सर्दी रहेगी। ज्यादातर शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से ऊपर ही रहेगा। वहीं, रात में 30 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

### फरवरी में तीसरी बार भीगेगा एमपी

फरवरी के शुरूआत में ही प्रदेश में दो बार ओले, बारिश और आंधी का दौर रह चुका है। इससे फसलों को खासा नुकसान हुआ था। इसके बाद सरकार ने प्रभावित फसलों का सर्वे भी कराया था। इसके बाद अब तीसरी बार फरवरी भीगेगा। मौसम विभाग के अनुसार, एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने की वजह से पहाड़ी राज्यों में असर देखा गया। वहां बारिश और बर्फबारी हुई। इसकी वजह से एमपी में कहीं-कहीं हल्के बादल छाए रहे। रविवार को भी हल्के बादल रहे। 16 फरवरी से नया सिस्टम उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। इसमें एमपी भी शामिल हैं।



### अगले 2 दिन ऐसा रहेगा मौसम

17 फरवरी- दिन में गर्मी का असर बढ़ा हुआ देखने को मिलेगा। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होगी।

18 फरवरी- कुछ जिलों में सुबह के समय हल्का कोहरा रहेगा। इस दिन बारिश का अलर्ट नहीं है।

**मध्यप्रदेश के पांच बड़े शहरों में फरवरी का मौसम-** भोपाल में रातें ठंडी रहती हैं, दिन गर्म भोपाल में रातें ठंडी रहती हैं, जबकि दिन गर्म। वर्ष 2014 से 2024 के बीच 4 साल दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच गया था। रात में 7 साल पारा 10 डिग्री से कम दर्ज किया गया। इस बार फरवरी में दिन का तापमान 30 डिग्री के पार है।

**पेड़ काटने वाला कभी सुखी नहीं रहता की थीम पर**

# पौधारोपण की अलख जगा रहे पूर्वक शिक्षक त्रिपाठी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वन विभाग द्वारा आयोजित 06 दिवसीय श्री महाकाल वन मेला में आने वाले लोगों को पौधे लगाने की प्रेरणा भी मिल रही है। अपने आयुर्वेद प्रोडक्ट के विक्रय के साथ पूर्व शिक्षक केशव प्रसाद त्रिपाठी हर व्यक्ति को पौधे लगाने का महत्व समझा रहे है। उनका कहना है पेड़ लगाने वाला कभी दुखी नहीं रहता, पेड़ काटने वाला कभी सुखी नहीं रहता। मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित एवं मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दशहरा मैदान में आयोजित श्री महाकाल वन मेला में आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स (उत्पादों) के विक्रय के लिए स्टॉल लगाने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक श्री केशव प्रसाद त्रिपाठी बताते है कि उन्होंने वर्ष 2006 से पौधारोपण करने की शुरूआत की। वे प्रतिदिन दो से तीन पौधे लगाते है वहीं संस्थाओं को भी पौधारोपण की प्रेरणा देते है। अब तक वे 19 सालों में लगभग 95 हजार पौधों का रोपण शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कर चुके है। पौधारोपण के बाद शहरी क्षेत्र में नियमित पानी देने का क्रम भी रखते है।

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण लोगों को प्रेरणा देकर लगाए गए पौधों को पानी देने का संकल्प भी दिलाते है। श्री त्रिपाठी का कहना है कि पीपल, बरगद, पाकर, गुलर, नीम के पौधें रोपने से भविष्य में इसका लाभ जरुर मिलता है। उन्होंने कहा कि इन पौधों में औषधीय गुण भी होते है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि बच्चों को पीपल का पत्ता खिलाने से उनकी स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि विगत 22 वर्षों से उन्होंने सामान रखने के लिए पॉलिथीन बेग का उपयोग नहीं किया है। लोगों को कपडे की थैली भी उपलब्ध कराते है।

# 7 साल बाद विक्रमनगर सहित 5 कॉलोनियों में होंगे नल कनेक्शन

**वर्कऑर्डर जारी, इसी माह शुरु हो जाएगा काम**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर के विक्रमनगर क्षेत्र की गांधीनगर सहित आसपास की 5-6 कॉलोनियों के करीब 400 परिवारों को सात साल बाद पानी की समस्या से राहत मिलने जा रही है। नगर निगम ने मेसर्स भारत एलम् कंपनी को पाइपलाइन बिछाने और नल कनेक्शन देने का वर्कऑर्डर जारी कर दिया है। निगम अधिकारियों के अनुसार इसी माह काम शुरू हो जाएगा और अगली गर्मी तक नल कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

गौरतलब है कि वर्ष 2019 में विक्रमनगर में 2 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से साढ़े पांच लाख गैलन क्षमता की पानी की टंकी बनाई गई थी। इस टंकी से विक्रमनगर, विवि कैंपस, भर्तृहरि नगर, रेलवे कॉलोनी और 3 नंबर नाका क्षेत्र को जोड़ने की योजना थी।

पाइपलाइन का कुछ कार्य हुआ, लेकिन रेलवे लाइन पार अनुमति नहीं मिलने से काम अटक गया। इसके बाद वर्षों तक रहवासी टैंकरों पर निर्भर रहे। अब नल कनेक्शन होने से रोज ही टैंकर के भरोसे रहने से निजात मिलेगी।

### क्षेत्रवासियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा

लोगों का रोज पानी से परेशान होने पर खर्च होने वाला समय बचेगा। पार्षद सुलेखा वशिष्ठ ने बताया कि 7 से 8 दिन में काम शुरू हो जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। सुबह से शाम तक रोज लग रहे 10 टैंकर पानी वर्तमान में निगम रोजाना सुबह से शाम तक लगभग 10 पानी के टैंकर भेज रहा है। रहवासियों ने बताया कि टैंकर आते ही बाल्टी-ड्रम लेकर लाइन में लगना पड़ता है। एक दिन देरी होने पर पूरे घर की दिनचर्या बिगड़ जाती है। कई बार पीने का पानी खरीदना पड़ता है। निगम के बजट 2025-26 में 64 लाख रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। टेंडर प्रक्रिया पूरी कर अब वर्कऑर्डर जारी कर दिया है। रेलवे से भी अनुमति मिल चुकी है। 7 साल से चल रही मशक्कत के बाद अब रहवासियों को उम्मीद है कि छह माह में नलों से पानी आएगा और टैंकरों से स्थायी छुटकारा मिलेगा।

## उज्जैन के इमाम के खिलाफ हिंदू संगठनों ने की कार्रवाई की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास करने वाले इमाम के खिलाफ हिंदूवादी संगठन के लोगों ने महाकाल पुलिस शिकायत की है। इमाम पर बीते वर्ष भी फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट लिखने का मामला दर्ज हो चुका है।

केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम पर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों व अन्य आयोजनों में वंदे मातरम का गायन आवश्यक होगा। इस आदेश को उज्जैन के इमाम मुफ्ती सैय्यद नासिर अली नदवी ने इस्लाम विरोधी बताया है। नदवी का कहना है कि यह आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। इसे लेकर हिंदूवादी संगठन सामने आ गए है। वंदे मातरम पर आपत्तिजनक टिप्पणी एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास के संबंध में संगठन के रितेश माहेश्वरी ने महाकाल पुलिस को शिकायत की है। वंदे मातरम जैसे राष्ट्र गौरव से जुड़े विषय पर आपत्तिजनक विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया गया है। पूर्व में भी नदवी द्वारा फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डालकर सामाजिक तनाव उत्पन्न करने की कोशिश की गई थी।

**कोतवाली थाने से कुछ दूरी पर चोरो का धावा**

# मेडिकल का ताला तोड़कर चुराएं 20 हजार

## नमकीन दुकान में प्रयास, कैमरे में बदमाशों के साथ दिखी महिला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

चोरों ने सोमवार तड़के कोतवाली थाने से कुछ दूरी पर कंठाल चौराहा पर धावा बोला और मेडिकल शॉप का ताला तोड़कर शटर उचका दिया। चोरों ने 20 हजार की नगद राशि चोरी की और भाग निकले। मेडिकल शॉप से पहले चोर सती गेट पर नमकीन दुकान पर भी पहुंचे थे, लेकिन वारदात में सफल नहीं हो पाए।

कंठाल चौराहा पर हरीश आसवानी रॉयल मेडिकल का संचालन करते हैं। सुबह शॉप पर पहुंचे तो ताला टूटा और शटर उचका हुआ दिखाई दिया। अंदर देखने पर सामने आया कि चोरी की वारदात हुई है। बदमाश गल्ले में रखी 18 से 20 हजार की नगद राशि चोरी की है। हरीश आसवानी ने बताया कि रात 2 बजे मेडिकल बंद किया था। मेडिकल में लगे कैमरे भी रात को बंद कर दिए जाते हैं। कंठाल चौराहा पर हुई चोरी के कुछ देर बाद सामने आया कि बदमाश तड़के 5:45 बजे के लगभग सती गेट स्थित बाफना नमकीन पर भी पहुंचे थे। जहां शटर उचका दिया गया था, लेकिन कर्मचारियों के अंदर सोने की वजह से बदमाश वारदात में सफल नहीं हो पाए थे। मेडिकल संचालक द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।




### दो बदमाशों के साथ दिखी महिला

चोरी की वारदात और प्रयास का मामला सामने आने पर बाफना नमकीन पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए जिसमें दो बदमाशों के साथ एक महिला दिखाई दी। बदमाशों ने चेहरा छुपा रखा था वहीं महिला भी साड़ी के पल्लू से चेहरा ढकी हुई थी। तीनों के बाइक से आने की आशंका जताई गई है लेकिन नमकीन दुकान पर तीनों पैदल ही नजर आए हैं। कैमरे में एक बदमाश ताला तोड़ते दूसरा पास में बैठे और महिला खड़े होकर आसपास नजर रखती दिखाई दी है।

### बदमाशों के साथ महिलाओं की मौजूदगी

चोरी की वारदात में महिलाओ की मौजूदगी होना सामने आ रहा है। कुछ दिनों पहले नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के महानन्दा नगर और वसंत विहार कॉलोनी में चोरी होना सामने आया था। उसे दौरान भी सीसीटीवी कैमरे में दो बदमाशों के साथ एक युवती दिखाई दी थी। वर्तमान में दो चोरी की वारदातों से पहले भी दो पहिया वाहनों से बैटरी चोरी करने में बदमाश के साथ युवती होना सामने आ चुकी है। अब तक पुलिस युवती की मौजूदगी वाली चोरियों का खुलासा नहीं कर पाई है।

**विधानसभा 1, 5 और सांवेर में सबसे ज्यादा असर; जिले में अब 24.19 लाख मतदाता**

# इंदौर में वोटर लिस्ट से 5108 नाम कटे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



**6.78 लाख लोगों को थमाए गए थे नोटिस**

इंदौर जिले में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का काम पूरा हो गया है। जिला प्रशासन की स्क्रूटनी और लंबी सुनवाई के बाद कुल 5,108 मतदाताओं को अपात्र घोषित कर दिया गया है। फाइनल पब्लिकेशन से पहले इनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे। सबसे ज्यादा गाज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-5, 1 और सांवेर के वोटर्स पर गिरी है।

प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अपात्र पाए गए मतदाताओं की सूची में टॉप-3 विधानसभाएं ये हैं: इंदौर-5: 979 नाम कटे, सांवेर: 946 नाम कटे, इंदौर-1: 900 नाम कटे, इसके अलावा इंदौर-2 में सबसे कम (192) और महू में मात्र 148 नाम हटाए गए हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक, 'नो मैपिंग' (2003 की सूची से मिलान न होना) और 'तार्किक त्रुटि' (नाम/उम्र में गलती) वाले 6,78,748 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे। प्रशासन का दावा है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी की गई है। हमारा लक्ष्य मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिरहित बनाना है। जिन पात्र लोगों के नाम छूट गए हैं, वे अभी भी आवेदन कर नाम जुड़वा सकते हैं।

### अब जिले में वोटर्स की नई तस्वीर

6.73 लाख लोगों की जानकारी सही पाई गई और पोर्टल पर अपडेट कर दी गई।

5,108 लोग अपात्र मिले, जिन्हें सूची से बाहर किया जा रहा है। 551 मतदाता दूसरी जगहों पर शिफ्ट हो चुके हैं, उनके नाम भी विलोपित हुए हैं।

**सुनवाई और सुधार के बाद इंदौर जिले में मतदाताओं का गणित कुछ ऐसा है:** कुल मतदाता: लगभग 24 लाख 19 हजार 620, नए युवा वोटर्स: 18 साल की उम्र पूरी करने वाले 60,000+ नए नाम जुड़े। **सुधार:** बीएलओ ने करीब 33,701 रिकॉर्ड्स में मौके पर जाकर सुधार किया।

### टीएल की समीक्षा बैठक सम्पन्न

कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों, शासन की हितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा संकल्प से समाधान अभियान के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, एमपीआईडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, अपर आयुक्त नगर निगम श्री आकाश सिंह, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय तथा श्री रिंकेश वैश्य

## स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए यारियां-द फ्रेंड्स क्लब अभियान शुरू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले तथा विभिन्न कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के मानसिक, सामान्य एवं जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यारियां -द फ्रेंड्स क्लब अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चर्चा हेतु आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सद्धार्थ जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी, विभिन्न कोचिंग संस्थानों के संचालक एवं डायरेक्टर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

# लव जिहाद के झूठे मामले में फंसाने पर होगी कार्यवाही

## साजिश रचने वाले फर्जी डॉ पर किसी भी वक्त गिर सकती है गाज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के सियागंज क्षेत्र के व्यापारी फैसल इब्राहिम ने खुद को ब्लैकमेलिंग और झूठी शिकायतों के जरिए फंसाने की साजिश का शिकार बताया है। उन्होंने पुलिस आयुक्त, थाना एमआईजी और न्यायालय में शिकायत दर्ज कराते हुए पलासिया क्षेत्र में ऑप्टिकल व्यवसाय से जुड़े खुद को डॉ बताने वाले इरशाद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। फैसल का कहना है कि इरशाद लगातार उनका पीछा कर उन्हें उकसाने और विवाद में फंसाने की कोशिश कर रहा था, जबकि उनका उससे कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है।

व्यापारी के मुताबिक, इरशाद द्वारा उनके खिलाफ भड़काऊ संदेश भेजे गए और बाद में बाणगंगा थाने में अज्ञात नामों से शिकायतें कराई गईं। फैसल ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए पुलिस को दस्तावेजी सबूत सौंप दिए हैं। मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी की गई है, जहां जांच जारी है। इरशाद पर पहले भी धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग के मामलों में कार्रवाई हो चुकी है। वर्ष 2017 में उस पर धारा 420, 406, 506 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज हुआ था और जेल भी जाना पड़ा था। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की जांच में उसकी डॉक्टर की डिग्री को फर्जी घोषित किए जाने की बात भी सामने आई थी, जिसके बाद कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। अब सवाल उठ रहा है कि क्या यह पूरा मामला एक सुनियोजित ब्लैकमेलिंग नेटवर्क का हिस्सा है? जांच एजेंसियों की पड़ताल से और भी नाम सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

# शब्द सम्हारे बोलिए



आजकल लोग शब्दों का इस्तेमाल इतनी बेहोशी से करते हैं कि उनका सही अर्थ खो जाता है। हर तरफ शब्दों का गुबार छाया रहता है। मीडिया को हर वक्त ह्यबाइटह्ल चाहिए। वह शब्दों को इकट्ठा करता रहता है। राजनीति में तो गदर मचा रहता है। राजनेता एक-दूसरे के लिए ऐसे-ऐसे अपशब्द उछालते हैं, जैसे चाकू-छुरे भोंक रहे हों। जैसे ही सत्ता का सवाल आता है, सब कुछ भुलाकर वही लोग, जो जानी दुश्मन थे, दोस्त बन जाते हैं। मानो शब्दों का कोई मूल्य ही नहीं है। ऐसे हालात में कबीर साहब का दोहा याद आता है : शब्द सम्हारे बोलिए, शब्द के हाथ न पांव। एक शब्द औषधि करे, एक शब्द करे घाव। शब्द सम्हलकर बोलिए। किसी घायल मन के लिए सहानुभूति के दो बोल उसके जख्मों पर मरहम का काम करते हैं और कर्कश बोल घाव को कुरेद देते हैं। शब्द आते कहां से हैं? वे प्रकट होते हैं मन से, उनके पीछे है भाव या विचार, जो शब्दों का अपने वाहन की तरह प्रयोग करता है। यह मन कैसा है- साफ-सुथरा, प्यार भरा या विषाक्त? शब्द ही हैं, जो दूसरों से जुड़ने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं और खुद को अभिव्यक्त करने के लिए भी। शब्द और मौन का अटूट रिश्ता है, क्योंकि शब्द की उत्पत्ति हुई है आकाश से। आकाश, यानी खालीपन। मूलतः शब्द बोला जाता था, उसके बाद जब लेखन की कला विकसित हुई, तो वह लिखा जाने लगा। शब्द का असर तभी होता है, जब बोलने वाले के भीतर गहराई हो, समझ हो और शब्द सिर्फ वमन की तरह प्रयोग न हो। आजकल लोग इतने भरे हुए हैं अंदर से कि उसे बाहर फेंकने के लिए बोलते हैं। इसीलिए किसी के बोलने में असर नहीं होता। ओशो कहते हैं, आपके शब्दों का गर्भपात होता है। अखबार पढ़ा नहीं कि भागे कि किसी को बता दें, ब्रेकिंग न्यूज क्या है। ज्ञान की किताब पढ़ी नहीं कि बेचैन हो गए, किसको उपदेश दें? यह गर्भपात है। शब्द को जरा भी मौन में जीने की सुविधा नहीं है। शब्दों को मौन के गर्भ में रखना चाहिए। वहीं वे पले-बढ़ें और परिपक्व हों। वहीं आपके भाव और मन की ऊर्जा शब्द में प्रवेश करती है। इसलिए कोई व्यक्ति, जिसमें सघन मौन की क्षमता है, वह कुछ भी बोले, तो उसके बोलने में काव्य हो जाता है। आप जितना कम बोलें उतना आपका आशय गहरा होता है। शब्द जरूरी हैं, लेकिन उनसे भी ज्यादा निःशब्द चाहिए। उसके आसपास मौन की आभा होनी चाहिए। इसलिए ध्यान रखें, जिन लोगों के शब्दों में प्राण होते हैं, वे वही लोग होते हैं, जिनके पास मौन की क्षमता होती है। अगर आपके शब्द मौन से निकलें, तभी वे औषधि समान होंगे। दूसरों का दुख हरेंगे, उनकी पीड़ा पर मरहम लगाएंगे।



सम्पादकीय

## भारत पर भरोसा

भारत की ताकत पर संदेह करने वालों की संख्या भारत में भी कम नहीं हैं, मगर ऐसे तमाम लोगों को एक बार संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस की बातों पर जरूर गौर करना चाहिए। गुटेरस ने दोटूक कहा है कि भारत एक बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था है, जिसका वैश्विक मामलों में प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। साथ ही, यह बात भी गौर करने की है कि भारतीयों की तकनीकी प्रतिभा पर स्वयं भारतीय ही नहीं, बल्कि विदेशी भी शंका करते हैं, ऐसे तमाम लोगों को जवाब देते हुए गुटेरस ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए भारत बिल्कुल सही जगह है। वह भारत को एक ऐसे देश के रूप में देखते हैं, जो अपनी वैज्ञानिक तरक्की का लाभ पूरी दुनिया को देता है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से सभी को लाभ मिलना चाहिए। एआई केवल विकसित देशों या दो महाशक्तियों का विशेषाधिकार नहीं है। कोई दोराय नहीं कि भारत में अगर वैज्ञानिक तरक्की होगी, तो उसका लाभ पूरी दुनिया को होगा। एआई के लोकतांत्रिकरण के लिए भारत का आगे रहना जरूरी है। एआई की कमान अगर महाशक्ति देशों के हाथों में रहेगी, तो दुनिया ऐसे महत्वपूर्ण विकास से वंचित रह जाएगी।

गुटेरस के इस कथन पर सबका ध्यान जाना चाहिए- कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव जाति के लाभ के लिए एक सार्वभौमिक साधन बन जाए। विश्व में बहुध्रुवीयता से ही सबको लाभ होगा। आश्चर्य नहीं, गुटेरस भारतीय नेताओं के साथ बहुध्रुवीय दुनिया में भारत की भूमिका पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। विगत दशक में बुरे तजुर्बे के बाद वह सच्ची बहुध्रुवीयता के समर्थक हो गए हैं। वह अब मानने लगे हैं कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका लगातार बढ़ती जानी चाहिए और उन्हें व्यापार, प्रौद्योगिकी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के मजबूत नेटवर्क बनाने चाहिए। यहां यह ध्यान रहे, गुटेरस ने अमेरिका के साथ हो रहे भारत के व्यापार समझौते का नहीं, बल्कि यूरोप के साथ हुए व्यापार समझौते को अच्छा उदाहरण बताया है। दुनिया में एक नई व्यवस्था या नए नेटवर्क की स्थापना होनी चाहिए। एक ऐसा नेटवर्क बनना चाहिए, जिसमें केवल विकसित देश ही मजबूत न रहें। दुनिया जान गई है, चंद विकसित देश अगर मजबूत होंगे, तो वह कभी भी बहुध्रुवीयता को पसंद नहीं करेंगे। भारत उन देशों में शुमार है, जो बहुध्रुवीयता या गुटनिरपेक्षता का शुरू से ही झंडाबरदार रहा है।

बांग्लादेश में नई सरकार

# भारत से नए सिरे से संबंध तराशना होंगे तारिक को

बांग्लादेश में चुनावी परिणाम के बाद यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के प्रमुख तारिक रहमान देश के अगले प्रधानमंत्री होंगे। निश्चित ही भारत की दूर दृष्टि इस बात की ओर संकेत करती है कि मोदी सरकार इस बात से पूरी तरह आश्वस्त थी कि बांग्लादेश में तारिक रहमान की जीत सुनिश्चित है जिसका संकेत भारत ने अपने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पिछले साल 31 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के इंतकाल के मौके पर खिराज ए अकीदत( श्रद्धांजलि) पेश करने के लिए बांग्लादेश भेजा था जहां जयशंकर ने न केवल मातमपुरसी( शोक व्यक्त)की थी बल्कि प्रधानमंत्री की ओर से भेजा गया संवेदना पत्र तारिक रहमान को सौंपा था। इस पत्र और रहमान की जयशंकर से मुलाकात दोनों ही न केवल अहम थीं बल्कि दोनों देशों के बीच अच्छे सहयोग की आकांक्षा की पहली सीढ़ी थीं। पत्र के प्रत्युत्तर में बीएनपी की ओर से सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट में लिखा गया था कि डॉ. एस जयशंकर भारत सरकार और भारत के लोगों की ओर से संवेदना व्यक्त करने के लिए आपका धन्यवाद। हम आपके संदेश और सद्भावना की सराहना करते हैं। यही नहीं पार्टी ने रहमान और एस जयशंकर की तस्वीर भी शेयर कर सकारात्मक, संदेश देने में देर नहीं की थी। आज जब बांग्लादेश में परिणाम बीएनपी के पक्ष में आए और तारिक रहमान का बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनना सुनिश्चित है तब भारत बांग्लादेश से अच्छे रिश्तों की उम्मीद करता है। इसी क्रम में सबसे पहले बधाई संदेश प्रधानमंत्री मोदी की ओर से तारिक रहमान को भेजा गया जिसमें कहा गया कि मैं बांग्लादेश में संसदीय चुनाव में बीएनपी को पुरानी जीत के लिए श्री तारिक रहमान को हार्दिक बधाई देता हूं। यह जीत बांग्लादेश की जनता का आपके नेतृत्व पर भरोसा है। भारत लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समग्र बांग्लादेश का समर्थन करता रहेगा। मैं बहुआयामी संबंधों को मजबूत बनाने और हमारे साझे विकास लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।




डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

यह बधाई संदेश बांग्ला भाषा में प्रेषित किया गया था जो अपने आप में स्पष्ट करता है कि भारत बांग्लादेश की अवाम से भी सीधे जुड़ने में विश्वास करता है। वैसे तो किसी देश में चुनाव होना और किसी दल की जीत में दल के प्रमुख को बधाई संदेश देना एक सामान्य सरकारी प्रक्रिया है लेकिन भारत का यह संदेश इसलिए महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश हमारा ऐसा पड़ोसी है जिसकी 94 प्रतिशत सीमा भारत से जुड़ी है और यह भी की बिदा होने वाली यूनुस सरकार ने भारत से अच्छे संबंधों को सलीब पर टांग कर राजनीति की जिसने भारत के लिए चिंताएं बढ़ाई। यही नहीं उनके दौर में हिंदू अल्पसंख्यकों का कत्लेआम हुआ जिससे भारत का बांग्लादेश के प्रति गुस्सा बढ़ता जा रहा था। यही नहीं यूनुस सरकार ने भारत के धुर विरोधी पाकिस्तान को प्राथमिकता देकर स्पष्ट संकेत दिया था कि वह कट्टरपंथ के रास्ते पर चलकर भारत से संबंधों में ज्यादा रुचि नहीं ले रहा। यही नहीं भारत के विकल्प के रूप में उनकी प्राथमिकताएं चीन के साथ गहरे रिश्ते में दिखाई दे रही थीं। यूनुस के कार्यकाल में बांग्लादेश से आर्थिक और व्यापार संबंधों पर दोनों देश विराम की स्थिति की ओर बढ़ रहे थे। ऐसे में भारत ने अपनी तरफ से पहल कर तारिक रहमान से दोनों देशों के बीच अच्छे रिश्तों की आकांक्षा व्यक्त की है। रहमान एक ऐसे परिवार से आते हैं जिनके पिता जियाउर्रहमान बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति और माता खालिदा जिया दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। ऐसे में उनका बांग्लादेश की अवाम का भला सोचना उनकी पहली प्राथमिकता होगी और इसके लिए वे भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकते। हालांकि यह एक सच्चाई है कि जब-जब बांग्लादेश में बीएनपी की सरकार रही है तब तब भारत के साथ उनके संबंध गहरे और प्रगाढ़ नहीं रहे। लेकिन भारत की ग्लोबल रेटिंग, बढ़ती इकोनामी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के प्रति दुनिया भर के देशों का भरोसा और भारत के विश्व के ज्यादातर देशों के साथ सौहार्दपूर्ण और द्विपक्षीय संबंध बांग्लादेश के भावी प्रधानमंत्री को भारत से संबंधों को अच्छे स्तर तक ले जाने के लिए प्रेरणा दे सकते हैं। बांग्लादेश के चुनाव परिणाम बताते हैं कि 299 सीटों में से बीएनपी को 211 सीटों पर जीत मिली है जिनमें बांग्लादेशी हिंदुओं का बहुत बड़ा योगदान है। वैसे यह सभी जानते हैं कि शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगी हुई थी इसलिए हिंदुओं का वोट कट्टरपंथियों की बजाय बीएनपी की तरफ शिफ्ट हुआ है जिसका लाभ तारिक रहमान को मिला। स्वाभाविक है उन्हें हिंदुओं की सुरक्षा और उनके सम्मान की चिंता करनी होगी। इसमें कोई शक नहीं कि जब-जब बीएनपी की सरकार सत्ता में रही तब तब हिंदुओं की बहुत अनदेखी हुई यही कारण था की बीएनपी पिछले 20 सालों से सत्ता से बाहर रही। यह एक सत्य है कि अवामी लीग के प्रति हिंदुओं का झुकाव था और भारत के संबंध भी हसीना के दौर में बांग्लादेश से उच्च स्तर पर रहे। आज भी शेख हसीना भारत में निर्वासन का जीवन व्यतीत कर रही हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोध की चरम स्थिति खत्म होगी ऐसी संभावना कम है और यह भी लगता है कि बीएनपी के दो तिहाई बहुमत से जीत का महत्वपूर्ण कारण जहां एक ओर शेख हसीना का विरोध रहा तो वहीं दूसरी ओर युवा वर्ग का हसीना का भारत में निर्वासन कतई पसंद नहीं रहा होगा। ऐसे में तारिक रहमान किस तरह रास्ता निकालेंगे यह देखने वाली बात होगी क्योंकि भारत और बांग्लादेश एक दूसरे की सीमाओं से घनिष्ठ रूप से जुड़े हैं जिसकी 4367 किलोमीटर लंबी सीमा है तथा बांग्लादेश लगभग पूरी तरह से भारत से घिरा हुआ है ऐसे में बांग्लादेश सुरक्षा और व्यापार के मामले में दूसरे देशों की तुलना में भारत पर निर्भर ज्यादा है। हालांकि रहमान ने कहा है कि हसीना के दौर में भारत और बांग्लादेश के बीच कई समझौतों में असंतुलन है जिन्हें द्विपक्षीय संबंधों को सही मायने में रिसेट करने के लिए ठीक करना होगा। वे कहते हैं कि बिल्कुल हम पड़ोसी हैं, बांग्लादेश का हित हमारे लोगों के हितों की रक्षा सबसे पहले आती है फिर हम संबंधों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। निश्चित ही भारत भी अच्छे संबंधों की चाह रख रहा है किंतु शेख हसीना वाले मुद्दे पर दोनों देशों के बीच क्या रास्ता निकलेगा यह देखने वाली बात होगी। संबंधों को सामान्य बनाने में शेख हसीना का मुद्दा बहुत बड़ी बाधा हो सकता है।

## तेईसवीं सदी का गदहा-पच्चीसी

बाईसवीं सदी की पूंछ कट चुकी थी और तेईसवीं की मूंछ उगी ही थी कि कस्बे के स्वयंभू नेता, स्वघोषित बुद्धिजीवी और पेशेवर जेबकतरे गजाधर बाबू ने अपनी 'एंटी-ग्रैविटी' लाठी हवा में लहराई। मामला उस पुश्तैनी प्लॉट का था जो चांद के उस पार 'शिव शक्ति पॉइंट' के बगल में गिरवी पड़ा था। गजाधर ने अपनी आँखों को पिचकाकर कस्बे के इकलौते रोबोटिक दरोगा 'लोहासिंह' से कहा, देखो पटवारी, मशीन हो तो मशीन बनके रहो, हमारे खानदानी लालच के बीच में अपनी लॉजिक वाली टाँग मत अड़ाओ कस्बे में लालच का यह आलम था कि लोग दूसरे की थाली का खाना चबाने के बजाय उसकी पाचन शक्ति हड़पने की फिराक में रहते थे। पूरी पंचायत इस बात पर खिसियाई हुई थी कि अगर सब बराबर अमीर हो गए, तो फिर एक-दूसरे को नीचा दिखाने का सुख कैसे मिलेगा।

गजाधर के सगे साले, जिनका नाम 'डिजिटल दीनू' था, उन्होंने एक ऐसी स्कीम पेश की जिससे नरक के दरवाजे भी शर्म से बंद हो जाएं। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि क्यों न हम अपने पड़ोसियों के दिमाग में एक ऐसा वायरस डाल दें कि वे अपनी सारी जमीन हमारे नाम 'गिफ्ट' कर दें और बदले में उन्हें 'पुण्य' का एक नकली सर्टिफिकेट दे दिया जाए। दीनू की मूंछें इस विचार पर ऐसे फड़क रही थीं जैसे किसी मरी हुई छिपकली की पूंछ। पंचायत में बैठे लोग ऐसे झूम रहे थे मानो ईमानदारी का जनाजा निकल रहा हो और वे सब कंधे देने के लिए लाइन में लगे हों। गजाधर ने अपनी खटिया पर करवट बदलते हुए कहा, बेटा दीनू, चोरी ऐसी करो कि पुलिस भी कहे—साहब, थोड़ा हिस्सा हमारा भी है क्या? तभी कस्बे के सबसे बड़े 'धार्मिक ठग' पोंगा पंडित ने अपनी डिजिटल माला घुमाते हुए कहा कि जिस जमीन पर गजाधर की नजर है, वहाँ सदियों पहले एक महापुरुष ने अपना 'खजाना' छिपाया था। यह सुनते ही कस्बे के लोगों की लार ऐसे टपकी कि फर्श पर फिसलन हो गई और दो रोबोटिक कुत्ते फिसलकर अपनी मेमोरी लॉस कर बैठे। लालच की इस आंधी में गजाधर ने अपनी पत्नी के जेवर तो क्या, पड़ोसी के घर की वायरिंग तक उखाड़कर 'इन्वेस्टमेंट' के नाम पर दांव पर लगा दी। हर कोई उस खजाने का सपना देख रहा था जिसमें से शायद हीरा-पन्ना नहीं, बल्कि 'अमरता का कोड' निकलने वाला था। सस्पेंस ऐसा कि हवा में तैरते ड्रोन भी डर के मारे अपना रास्ता बदल लेते थे।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 17 फरवरी 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 07:02 सूर्यास्त 18:20
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:30 से 16:30 तक
तिथि - अमावस्या 17:31 उपरांत एकम
नक्षत्र - धनिष्ठा 21:16 उपरांत शतभिषा
योग - परिघ 24:29 उपरांत शिव
करण - नाग
चन्द्रमा - मकर में है। 09:06 पर कुंभ में प्रवेश करेगा ।
मुस्लिम मास - सावान मास 28 तारिख

**मेष-** रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**वृषभ-** गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा।

**मिथुन-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें।

**कर्क-** अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा।

**सिंह-** यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा।

**कन्या-** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें।

**तुला-** मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**वृश्चिक-** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**धनु-** अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा।

**मकर-** विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें। व्यापार में इच्छित लाभ होगा। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा।

**कुंभ-** पुराना रोग उभर सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी।

**मीन-** यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## भारतीय लोकतंत्रः प्रतिस्पर्धा में शुचिता और विरोध में मर्यादा

भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक सुंदरता उसकी वैचारिक विविधता, सहिष्णुता और संवाद की प्राचीन एवं स्वस्थ परंपरा में निहित है। मतभेद, विचारों का संघर्ष और नीतियों पर सार्थक बहस किसी भी जीवंत लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्वाभाविक पहचान होते हैं। किंतु जब यही मतभेद व्यक्तिगत कटुता में परिवर्तित हो जाते हैं और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा मयार्दा की सीमाएँ लाँघने लगती है, तब लोकतंत्र की मूल आत्मा को कहीं न कहीं क्षति पहुँचती है। जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे राजनीति के सर्वोच्च सिद्धांत ह्यप्रतिस्पर्धा में शुचिता और विरोध में मयार्दाह्ल का सदैव पालन करें।



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अपरिहार्य है, क्योंकि यही सत्ता को उत्तरदायी बनाती है और जनहित के प्रश्नों को विमर्श के केंद्र में लाती है। किंतु वर्तमान समय में यह चिंता का विषय है कि अनेक अवसरों पर यह प्रतिस्पर्धा ह्यलोक-सेवाह्ल की भावना से भटककर ह्यव्यक्तिगत विजयह्ल और ह्यराजनीतिक प्रतिशोधह्ल का रूप लेती प्रतीत होती है। जब चुनाव विकास, नीति और दूरदृष्टि के मूल्यांकन के स्थान पर केवल विरोधी को नीचा दिखाने तथा किसी भी प्रकार से पराजित करने का माध्यम बन जाते हैं, तब लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गरिमा प्रभावित होती है। चुनावी विमर्श में तथ्यपरक संवाद के स्थान पर आरोप-प्रत्यारोप, आधे-अधूरे सत्य और डिजिटल मंचों पर अमर्यादित भाषा का बढ़ता प्रयोग किसी स्वस्थ लोकतांत्रिक समाज के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। यह तथ्य भी सही है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है; उसे लोकतंत्र की ह्यअंतरात्माह्ल माना गया है। सत्ता के निर्णयों की समीक्षा करना और जनहित के मुद्दों को मुखरता से उठाना विपक्ष का संवैधानिक दायित्व है। किंतु जब यह विरोध नीति-केंद्रित न रहकर व्यक्ति-केंद्रित हो जाता है, तब उसकी रचनात्मक उपयोगिता समाप्त होने लगती है। दुर्भाग्यवश, आज कई अवसरों पर तर्क और तथ्यों के स्थान पर कटु भाषा, अप्रिय दृश्य और भावनात्मक उत्तेजना देखने को मिलती है। संसद और विधानसभाएँ संवाद के सर्वोच्च मंच हैं; वहाँ निरंतर व्यवधान और संवादहीनता न केवल विधायी कार्यों को बाधित करती है, बल्कि लोकतंत्र की श्रेष्ठ परंपराओं को भी कमजोर करती है।

सत्ता पक्ष पर भी लोकतांत्रिक आचरण का आदर्श प्रस्तुत करने की विशेष जिम्मेदारी होती है। सत्ता का स्वरूप स्वभावतः विनम्र, सहिष्णु और समावेशी होना चाहिए। आलोचना को शत्रुता के रूप में देखना या असहमति के स्वर को दबाने का प्रयास करना लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतिकूल है। यदि सत्ता पक्ष विपक्ष को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आवश्यक पूरक माने, तो संवाद की संस्कृति सुदृढ़ होती है और देश के लिए निर्मित नीतियाँ अधिक संतुलित एवं सर्वमान्य बनती हैं। इसी प्रकार, विपक्ष के लिए भी यह आवश्यक है कि वह केवल विरोध के लिए विरोध करने के स्थान पर विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाए और जनहित के सकारात्मक प्रयासों का निष्पक्ष समर्थन करे।इस समग्र प्रक्रिया में लोकतंत्र की अंतिम और सबसे बड़ी शक्ति जनता के विवेक में निहित है। मतदाताओं की समझ ही लोकतांत्रिक व्यवस्था का वास्तविक आधार होती है। यदि उत्तेजक भाषणों और मयार्दा-विहीन आचरण को सामाजिक मौन या परोक्ष स्वीकृति मिलती है, तो उसका दुष्परिणाम अंततः राष्ट्र को ही भुगतना पड़ता है। राजनीतिज्ञ प्रायः उसी मार्ग का अनुसरण करते हैं, जिसे जनता का समर्थन प्राप्त होता है; अतः नागरिकों का यह प्राथमिक दायित्व है कि वे मर्यादित, तथ्यपरक और रचनात्मक राजनीति को प्रोत्साहित करें।


# डिप्रेशन को न हल्के में लें, बड़ी बीमारी को हो सकते हैं शिकार

कई बार आप डिप्रेशन में होते हैं तो सब कुछ अधिक चुनौतीपूर्ण लगता है। काम पर जाना, दोस्तों के साथ सोशलाइज होना या फिर बिस्तर से उठना भी एक संघर्ष की तरह लगता है। लेकिन कुछ चीजें हैं जो आप डिप्रेशन के लक्षणों से निपटने और अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए कर सकते हैं। डिप्रेशन में रहने का मतलब अपने मूड को खराब रखना नहीं होता। आप अवसाद में भी खुद को खुश रख सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको कुछ खास काम करने होंगे। आइए आपको बताते हैं डिप्रेशन के साथ रहकर अपने मूड को ठीक रखने के 8 तरीकों के बारे में।

### अपने स्ट्रेस को कम करें

जब आप तनाव में होते हैं, तो आपका शरीर कोर्टिसोल नामक हॉर्मोन का अधिक उत्पादन करता है। यह अच्छी बात है क्योंकि यह आपको अपने जीवन में तनाव पैदा करने वाले चीजों से निपटने में मदद करता है। हालांकि लंबे समय तक ऐसा होना आपके लिए कई समस्याओं का कारण बन सकता है, जिनमें डिप्रेशन भी शामिल है। जितना अधिक आप तनाव को कम करने के लिए तकनीकों का इस्तेमाल करेंगे उतना ही आपके लिए बेहतर होगा क्योंकि यह आपके उदास होने की स्थिति को कम करता है।

### एक सपोर्ट नेटवर्क तैयार करें



सबसे अहम चीजों में से एक है कि डिप्रेशन से बाहर निकले के लिए खुद की ही मदद करनी होगी। दवा और इलाज के अलावा मजबूत सामाजिक सपोर्ट सिस्टम तैयार करना होगा। कुछ लोगों के लिए सामाजिक सपोर्ट सिस्टम तैयार करने का मतलब दोस्तों या परिवार के साथ मजबूत संबंध बनाना हो सकता है। आप अपने प्रियजनों को अपने डिप्रेशन को ठीक करने की दिशा में मदद में ला सकते हैं। वहीं कुछ के लिए ये एक डिप्रेशन सपोर्ट ग्रुप के रूप में हो सकती है। इसमें एक समुदाय समूह शामिल हो सकता है जो आपके इलाके में ही मौजूद हो या आपको एक ऑनलाइन सपोर्ट ग्रुप भी मिल सकता है।

### अच्छी नींद जरूरी

नींद और मूड एक दूसरे से संबंधित होते हैं। साल 2014 के एक स्टडी में पाया गया कि डिप्रेशन से जूझ रहे 80% लोग नींद की गड़बड़ी का अनुभव करते हैं। हालांकि डिप्रेशन में आपको ऐसा लग सकता है कि आप सो नहीं सकते या शायद आप बिस्तर से बाहर निकलने के लिए संघर्ष करते हैं क्योंकि आपको हर समय थकावट महसूस होती रहती है। बिस्तर पर जाने से कम से कम एक घंटा पहले आपके सभी इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बंद कर दें। किताब पढ़ने या किसी अन्य आरामदायाक एक्टिविटी को करने से अच्छी नींद आती है।

### खाने की आदत को सुधारें

डाइट और मेंटल हेल्थ के बीच संबंध खोजने के लिए शोध अभी भी जारी है। अब तक ऐसे कई स्टडीज हुए हैं, जिनमें पोषण में सुधार की बात कही गई है। इसके चलते मानसिक बीमारी को रोका जा सकता है और इसका इलाज भी किया जा सकता है। कई ब्रेन एसेंशियल न्यूट्रिएंट्स ऐसे हैं जो डिप्रेशन को प्रभावित कर सकते हैं।

धर्म–आस्था

# राम मर्यादा हैं, हनुमान समर्पण – भक्ति की वह परंपरा जहाँ ईश्वर भी ऋणी हो जाते

भारतीय धर्मझ्चेतना में श्रीराम और हनुमान का संबंध केवल भगवान और भक्त का नहीं है, यह मयार्दा और समर्पण के शाश्वत संवाद का प्रतीक है। यह वह कथा है जो ग्रंथों में शब्दों से अधिक, हृदय में भाव बनकर उतरती है। जहाँ श्रीराम आदर्श, संयम और कर्तव्य की पराकाष्ठा हैं, वहीं हनुमान निस्वार्थ सेवा, पूर्ण समर्पण और निष्काम भक्ति की जीवंत प्रतिमा हैं।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

वनवास का समय था। अयोध्या का राजसिंहासन त्याग कर श्रीराम वन की धरा पर बैठे थे। उस दिन प्रभु मौन थे। न हाथों में धनुष था, न मुख पर सौम्य मुस्कान। नेत्रों में गहराई थी—जैसे समय, धर्म और भविष्य के प्रश्न एक साथ उमड़ आए हों। यह मौन साधारण नहीं था; यह वह मौन था जिसमें सृष्टि की गति छिपी होती है। दूर खड़े हनुमान यह सब देख रहे थे। उन्होंने कोई प्रश्न नहीं किया, क्योंकि सच्चा भक्त प्रश्न नहीं करता, वह भाव पहचानता है। वे जानते थे—जब प्रभु मौन हों, तब शब्द नहीं, साथ चाहिए।

जहाँ शब्द थम जाते हैं, वहीं भक्ति बोल उठती है।
प्रश्न नहीं, केवल भाव से प्रभु की पीड़ा घुल उठती है।

हनुमान धीरे-धीरे प्रभु के समीप आए। न दंडवत प्रणाम किया, न कोई स्तुति बोली। बस चुपचाप प्रभु के चरणों के पास बैठ गए। यह बैठना साधारण नहीं था—यह समर्पण का चरम था। न अधिकार, न अपेक्षा, न आग्रह। केवल यह भाव—आप हैं, इसलिए मैं हूँ। काफी समय बीत गया। तब श्रीराम ने स्वयं मौन तोड़ा और पूछा—

हनुमान, तुम कुछ कहना चाहते हो?

हनुमान ने सिर उठाया। आँखों में करुणा थी, स्वर में कोई शिकायत नहीं। बोले—

प्रभु, आज आपने मुझे याद नहीं कियाङ्घ इसलिए मैं स्वयं चला आया।

यह वाक्य भक्ति के इतिहास में अमर हो गया। इसमें न अधिकार था, न अभिमान—केवल प्रेम था। यह सुनकर श्रीराम की आँखें भर आईं। उस क्षण वे भगवान नहीं, एक ऐसे हृदयवान पुरुष थे, जो अपने भक्त के प्रेम से द्रवित हो उठा हो।

श्रीराम बोले— हनुमान, आज मैं यह सोच रहा था कि जब मेरी यह लीला पूर्ण होगी, तो संसार मुझे भगवान कहेगा। मेरी पूजा होगी, मंदिर बनेंगे, कीर्तन होंगे। पर तुम्हें क्या मिलेगा?

हनुमान मुस्कुराए। वह मुस्कान तपस्वी की कठोर साधना से नहीं, पुत्र की सरलता से उपजी थी। उन्होंने कहा— प्रभु, मुझे कुछ नहीं चाहिए। बस जब कोई मुझे देखे, तो उसे आप याद आ जाएँ—यही मेरा पुरस्कार है।

यह वही क्षण था जब मर्यादा ने समर्पण के आगे स्वयं को समर्पित कर दिया।

न मे भक्तः प्रणश्यति न मे भक्तः कदाचन।
भक्तानां हृदये रामः रामस्य हृदये भक्तः॥

अर्थात—मेरा भक्त कभी नष्ट नहीं होता, क्योंकि भक्त के हृदय में राम रहते हैं और राम के हृदय में भक्त।

कहते हैं, उसी क्षण श्रीराम ने पहली बार किसी भक्त के सिर पर हाथ रखा और कहा—

हनुमान, आज से जो मुझे पूजेगा, वह पहले तुम्हें पाएगा। क्योंकि मेरी भक्ति का मार्ग तुम्हारे चरणों से होकर जाता है। यह कथन केवल आशीर्वाद नहीं था, यह भक्ति का संविधान था। इसी कारण आज भी राम मंदिर से पहले हनुमान मंदिर मिलता है। यह व्यवस्था नहीं, यह दर्शन है।

राम बिना हनुमान नहीं, हनुमान बिना न राम।
मयार्दा और समर्पण से पूरा होता है धाम।

राम मर्यादा हैं—वे त्याग सिखाते हैं, कर्तव्य निभाना सिखाते हैं, सीमाओं में रहकर महान बनने की प्रेरणा देते हैं। वे राजा होकर भी वनवासी बने, पुत्र होकर भी पिता की आज्ञा को सर्वोपरि रखा, पति होकर भी लोकमयार्दा को प्रधान माना।

हनुमान समर्पण हैं—वे शक्ति होकर भी अहंकार नहीं रखते, ज्ञान होकर भी स्वयं को दास कहते हैं, पराक्रम होकर भी श्रेय नहीं माँगते। वे जानते हैं कि सेवा का मूल्य यश नहीं, संतोष है।

दासोऽहं कोसलेंद्रस्य रामस्याक्लिष्टकर्मणः।
हनुमान् नाम विख्यातः सर्वभूतानुकम्पकः॥

अर्थात—मैं कोसलेंद्र श्रीराम का दास हूँ, जिनके कर्म निष्कलंक हैं; मैं हनुमान कहलाता हूँ और समस्त प्राणियों के प्रति करुणावान हूँ।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1796-2801 चना काबली- 3601-8526, चना बड़ा- 3640-5551, बटला- 4061, रायड़ा- 5775, उड़द- 3500, मसूर- 4841-5620, सोयाबीन- 1901-5841, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,58,300, रवा- 1,58,000 चांदी-टंच- 2,45,500 पाट- 2,44,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## 103 वाँ गंगावाड़ी मेले का शुभारंभ

**महिदपुर।** नपा द्वारा आयोजित 103 वे गंगावाड़ी मेले का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व गंगेश्वर महादेव की पूजा कर आरती उतारी गई। इस अवसर पर विधायक दिनेश जैन बॉस, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, नपा अध्यक्ष नानीबाई माली, उमा पांडे, कृष्णा सूर्यवंशी, नपा पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थें।

## राज्य स्तर कुश्ती प्रतियोगिता में शिवानी बैरागी एवं चंचल लोहार का हुआ चयन



**खाचरोद।** कुश्ती संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 कुश्ती प्रतियोगिता उज्जैन में सम्पन्न हुई जिसमें पवन पुत्र व्यायामशाला खाचरोद के उस्ताद एवं कुश्ती कोच डॉक्टर श्याम सिंह चंद्रावत द्वारा बालिका पहलवानों को लगातार निःशुल्क प्रशिक्षण देने की बदौलत 42 किलोग्राम वजन वर्ग में शिवानी बैरागी पहलवान तथा 39 किलोग्राम वजन वर्ग में चंचल लोहार पहलवान विजेता हुई तथा राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता जबलपुर के लिए अपना चयन करवाया और अपने खाचरोद नगर का नाम रोशन किया। इन दोनों बालिका पहलवानों के राज्य स्तरीय कुश्ती में चयन होने पर पवन पुत्र व्यायामशाला के अध्यक्ष राकेश राठौड़ सचिव प्रकाश राठौड़ ओमवीर सिंह भदौरिया तथा नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद जी भरावा ने बधाई देकर शुभकामनाएं दी।

## पनियारा आश्रम मार्ग पर प्रस्तावित प्रवेश द्वार का किया भूमिपूजन

**ब्यावरा।** मलावर के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल पनियारा आश्रम जाने वाले शमशेरपुरा -सुठालिया रोड स्थित जोड़ पूर्व विधायक स्व. गोवर्धन दांगी के संकल्प को पूर्ण करते हुए उनके पुत्र जिला पंचायत सदस्य डॉ विश्वनाथ दांगी जिपं सदस्य निधि से प्रवेश द्वार का निर्माण किया जा रहा है जिसका महाशिवरात्रि के अवसर पर वरिष्ठजन की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया है पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी , जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सिंधिया , पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार जाट, सुरेश सुमन जिला समन्वयक कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग , सरपंच चेनसिंह, शिवनारायण, शिव दांगी, अर्पित शर्मा, केपी बना, मोहन यादव, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर, घीसालाल नेताजी, महेश, सरपंच विष्णु गुर्जर, हनुमंत सिंह गुर्जर , महेंद्र गुर्जर , एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर, अमर सिंह, भारत सिंह, राहुल नाथ, मुकेश, देवसिंह, राहुल, अनिल गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तालिब-ए-इल्म दानियाल हुसैन सरकार ने 9 बरस की उम्र में कुरआन-ए-पाक मुकम्मल कर लिया

**तराना।** तालिब-ए-इल्म दानियाल हुसैन सरकार ने 9 बरस की उम्र में कुरआन-ए-पाक मुकम्मल कर लिया। इस मौके पर तालिब-ए-इल्म दानियाल हुसैन सरकार के साथ-साथ उनके उस्ताद-ए-मुहतरम आलीम हाफिज इमरान खान का भी पुरखुलूस इस्तकबाल किया गया। वक्ताओं ने उनके दीनी जज्बे, मेहनत और तालीमी खिदमात की खुसूसी तौर पर सराहना की। इस तकरीब में खास तौर पर आलीम जावेद साहब, मुफ़्ती साहब, हाफि ज सरवर खान साहब, आलीम जिशान अहमद, आलीम उस्मान मेव साहब, अली हुसैन सरकार, असलम शेख (चक्की वाले),कय्यूम शाह (मेकेनिक), शेख यासीन साहब (पार्षद सभापति), मोहम्मद रफीक मम्मा, मोहम्मद अली (अध्यापक),असलम खान (अध्यापक), मोहम्मद इलियास सरकार, साजिद हुसैन,खालिद हुसैन, शेरू मामू, सेफी मामू,मंसूर भाई, इसराइल भाई मेव समेत बड़ी तादाद में अहबाब, अजीज-ओ-अकारिब और मुअजज़िज मेहमान मौजूद रहे।मुकर्रिरीन ने अपने खयालात का इजहार करते हुए कहा कि दानियाल हुसैन सरकार की यह कामयाबी उनके उस्ताद की सही रहनुमाई, लगन और तालीमी मेहनत का नतीजा है, जो दूसरे बच्चों के लिए भी एक मिसाली पैगाम है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि हम प्रार्थीगण द्वारा भुमि सर्वे नम्बर 257/1/1, 257/2, 257 ग्राम आवलिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के संबंध में एक वाद माननीय न्यायालय पंचम व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ट खण्ड (दिव्यानी सिंह मेडम) उज्जैन के यहाँ विचाराधीन है जो रेखा कुंवर विरूद्ध अफसर पटेल होकर प्रकरण क्रमांक आरसीएसए/184/2020 है। उपरोक्त प्रकरण के विचाराधीन हेतु श्रीमती रेणु पिता आनन्द व श्री प्रकाश जाटव के माध्यम से उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को क्रय विक्रय किया जा रहा है जो कि अनुचित है। उपरोक्त व्यवहार उपरोक्त व्यक्तियों के द्वारा न्यायालय की जानकारी छुपाकर किया जा रहा है ऐसी स्थिति में हम प्रार्थीगण द्वारा जो न्यायालयीन कार्यवाही कि गयी है जिसके निराकरण के पश्चात पारित होने वाला निर्णय व जय पत्र क्रेता पर बन्धनकारी होगा ।

अतः उपरोक्त भुमि सर्वे नम्बर 257, 257/1/1, 257/2 के संबंध में किसी भी प्रकार से कोई क्रय विक्रय न करे अन्यथा प्रकरण क्र. आरसीएसए/184/2020 में होने वाला जय पत्र व निर्णय क्रेतागण पर बन्धनकारी होगा व समस्त नुकसान की जबाबदारी क्रेतागण की होगी । इति दिनांक 16/02/2026

**प्रार्थीगण**
**1. रेखाकुंवर पति नारायण सिंह 2. सीता कुंवर पति दरबारसिंह निवासी ग्राम दाबला जागीर तहसील सोनकच्छ जिला देवास (म.प्र.) मो. न. 6262059122**

### नाम परिवर्तन सूचना

I UMA BAI M/O ARMY No 17013531P RANK NK, NAME GAJENDRA SINGH GOUD, RIO H.No. 101/01, AGAR ROAD, COLONY SUDAMA NAGAR, DISTRICT UJJAIN, MP-456001, PRESENTLY POSTED AT 6624 MAINT FLT, Clo 56 APO DECLARE THAT MY NAME IS INADVERTENTLY WRITTEN IN MY SON ARMY SERVICE RECORDS AS UMA SINGH GOUD INSTEAD OF MY CORRECT NAME UMA BAI, NOW APPLYING FOR CORRECTION FOR THE SAME VIDE AFFIDAVIT No .CA 708491, DATED 11.02.2026, CONCERN PLEASE NOTE.


# कीटखेड़ी डेम पर मछली पकड़ने की वर्चस्व की जंग, अंधाधुंध फायरिंग

## जनपद प्रतिनिधि समेत कई जख्मी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



क्षेत्र में आने वाले कीटखेड़ी डैम पर मछली पकड़ने के विवाद ने उस समय खूनी मोड़ ले लिया, जब एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर कटटे से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हिंसक झड़प में तीन लोग गोली लगने से घायल हुए हैं, जबकि एक व्यक्ति पत्थरबाजी के कारण गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। वही दूसरे पक्ष के दो लोग ईश्वर सिंह एवं शिवसिंह दोनो निवासी मैना को भी चोट आई है। इनके संबंध में अस्पताल की और से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी रविन्द्र बोयत, एसडीओपी देवनारायण यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामले में कटटे से घायलों में जनपद सदस्य प्रतिनिधी गोपाल सिंह भी शामिल है। इस घटना में एक पक्ष से 4 तथा दूसरे पक्ष से 1 कुल 5 व्यक्ति इलाज के लिए रैफर किया गया है। कुल 6 व्यक्ति इस घटना में घायल हुवें है। घायलों में 3 लोगों की हालत गंभीर होने पर आगर जिला चिकित्सालय से उज्जैन इलाज के लिए रैफर किया गया है। यह दूसरा मामला है जब कीटखेंडी बांध पर मछली पकडने को लेकर खूनी सघर्ष सामने आया है इसके पूर्व दिसंबर 2022 में हुवें विवाद में डॉ.रमेशचंद वर्मा निवासी भवानीपुरा की मौत हो गई थी। जिसके बाद उज्जैन झालावाड राष्ट्रीय राजमार्ग पर मृतक का शव रखकर चक्काजाम जैसी घटना भी सामने आई थी। कीटखेंडी बॉध पर संजोग मत्स सहकारी समिति का मछली पालन का कार्य क्षेत्र है। किंतु वर्तमान में इस बांध से मछली पकडने का मामला हाईकोट में लंबित है।

### मछली पकड़ने के सामान को लेकर शुरू हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार रामगढ़ खैराना निवासी फरियादी हेमराज पिता बद्रीसिंह सौंधिया अपने साथियों गोपालसिंह पिता बद्रीसिंह सौधिया निवासी मैना, चेतनसिंह पिता विक्रम सिंह सौधिया निवासी निपानिया, शिवनारायण पिता बद्रीलाल सोधिया निवासी सौधिया निवासी रामगढ खैराना, और मोहनसिंह पिता कालुसिंह सौधिया निवासी रामगढ खैराना के साथ कीटखेड़ी डैम पर गए थे। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उनके मछली पकड़ने के सामान के पास ईश्वरसिंह पिता सरदार सिंह सौधिया निवासी मैना, भेरुसिंह पिता मांगीलाल सौधिया, नारायणसिंह श्यामपुरा, श्यामसिंह सारंगाखेंडी आगर, कालुसिंह श्यामपुरा,जितेन्द्र सिंह श्यामपुरा, बालुसिह गुराडी सुसनेर, शिवसिंह सौधिया कलारिया, शिवसिंह सौधिया पिता गणपत सिंह सौधिया निवासी मैना पहले से ही जमा थे।विवाद उस समय शुरू हुआ जब आरोपी पक्ष ने गाली-गलौज करते हुए फरियादी पक्ष को वहां से जाने के लिए कहा। आरोपियों का कहना था कि डैम पर मछली पकड़ने का अधिकार केवल उनका है। इस पर हेमराज और उसके साथियों ने तर्क दिया कि डैम का मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए कोई भी पक्ष दूसरे को रोक नहीं सकता।

### कटटे से किया हमला, मची अफरा-तफरी

बातचीत के दौरान मामला अचानक बिगड़ गया और आरोपी पक्ष ने सुनियोजित तरीके से जानलेवा हमला कर दिया। ईश्वरसिंह ने कटटे से फायर किया, जिसकी गोली चेतनसिंह के दोनों पैरों के तलवों में लगी। भेरुसिंह द्वारा चलाई गई गोली गोपालसिंह के बाएं कंधे पर लगी।

नारायणसिंह ने कटटे से फायर कर शिवनारायण को निशाना बनाया, जिससे गोली उसकी पीठ में जा धंसी। वहीं शिवसिंह ने पत्थरों से हमला कर मोहनसिंह के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें पहुँचाईं। आरोपियों ने न केवल लोगों पर हमला किया, बल्कि मौके पर रखे मछली पकड़ने के कीमती सामान में भी तोड़फोड़ कर भारी नुकसान पहुँचाया।

> **इनका कहना**
> कीटखेंडी बांध से मछली पकडने की बात को लेकर दो पक्षो में विवाद के बाद फायरिंग की घटना सामने आई है। मामलें में पुलिस ने 9 लोगो पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मामलें की जांच कर रही है।
> **केसर राजपूत**
> **थाना प्रभारी सुसनेर**

### प्रत्यक्षदर्शियों ने बचाया अस्पताल में भर्ती

घटना के समय मौजूद प्रेमसिंह और लालसिंह ने बीच-बचाव कर घायलों को बचाया। हमलावर जाते-जाते पीड़ितों को जान से खत्म करने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। सभी घायलों को तुरंत सुसनेर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहाँ उनका उपचार कर एक पक्ष से मोहन सिंह, शिवसिंह, जनपद सदस्य प्रतिनिधी गोपाल,चेतन सिंह तथा दूसरे पक्ष से ईश्वर सिंह को इलाज के लिए रैफर किया गया है।

# 12 लाख की ज्वेलरी चोरी का खुलासा, महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार

## घर से चुराए मंगलसूत्र-झुमके समेत पूरा माल बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास पुलिस ने 12 लाख रुपए की चोरी का खुलासा किया है। इस मामले में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने चोरी किया गया लगभग 12 लाख रुपए का आभूषण भी बरामद कर लिया है।

फरियादी ने 14 फरवरी 2026 को सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी के अग्रसेन नगर स्थित घर से 13 फरवरी 2026 की दोपहर 2:30 बजे से 14 फरवरी 2026 की रात 1:30 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने चोरी की थी। चोरों ने एक बड़ा सोने का मंगलसूत्र, एक छोटा सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी बड़े सोने के झुमके, एक जोड़ी छोटे सोने के झुमके और एक जोड़ी छोटे सोने के टॉप्स चुराए थे। इन आभूषणों की कुल कीमत करीब 12 लाख रुपए बताई गई है।

### सीसीटीवी की मदद से पकडाए आरोपी

रिपोर्ट के आधार पर सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने चोरी की घटनाओं में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर माल बरामद करने के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें आरोपी कैद हो गए थे। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने मयंक पिता सुनील उपाध्याय (20 वर्ष), निवासी संजय नगर (वर्तमान में बद्रीधाम नगर, देवास) और एक महिला आरोपी को हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटना को स्वीकार कर लिया।

पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए सभी आभूषण-एक बड़ा सोने का मंगलसूत्र, एक छोटा सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी बड़े सोने के झुमके, एक जोड़ी छोटे सोने के झुमके और एक जोड़ी छोटे सोने के टॉप्स-बरामद कर लिए हैं। बरामद माल की कीमत भी लगभग 12 लाख रुपए है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



### उद्घाटन पर सड़क घेरना पड़ा महंगा

## कैलादेवी मार्ग पर अस्थायी अतिक्रमण हटाया

**देवास।** देवास में कैलादेवी मार्ग पर एक नई मोबाइल दुकान के उद्घाटन के दौरान किए गए अस्थाई अतिक्रमण पर नगर निगम ने सोमवार को कार्रवाई की है। निगम ने सड़क से फ्लेक्स और अन्य सामग्री हटाई तथा दुकान संचालक पर 5 हजार रुपए का चालान काटा।

नगर निगम को राहगीरों और स्थानीय निवासियों से शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों में कहा गया था कि सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण कर आवागमन बाधित किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर निगम की टीम मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाया। मोबाइल दुकान संचालक ने उद्घाटन के लिए सड़क पर फ्लेक्स और अन्य सामग्री लगाई थी। इसके लिए नगर निगम से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर निगम ने यह चालानी कार्रवाई की। इस अतिक्रमण के कारण यातायात भी बाधित हो रहा था। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। बिना अनुमति सड़क या सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### अधिवक्ता की हत्या पर देवास में प्रदर्शन

# प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग, वकीलों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में अधिवक्ताओं ने शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। देवास जिला अभिभाषक संघ ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की।

अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की 14 फरवरी 2026 को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना से प्रदेशभर के अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश है।

अधिवक्ताओं का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रहे हैं। उनके अनुसार, अधिवक्ताओं पर लगातार हो रहे हमलों के कारण उनमें भय और असुरक्षा का माहौल है। इसी के चलते मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के आह्वान पर देवास अभिभाषक संघ ने न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर विरोध दिवस मनाया।

जिला अभिभाषक संघ के सचिव अतुल पांड्या ने कहा कि उन्होंने शासन से जल्द से जल्द अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। उनका मानना है कि इससे अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी और ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सकेगी।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी महेन्द्र सिंह पिता री तकेसिंह राठौर, निवासी ग्राम लखाखेडा, तहसील घटिया जिला उज्जैन के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की भवन म्यु. क्रमांक 98 का उत्तर दिशावाला भाग स्थित श्री वीर नगर कालोनी इन्दिरा नगर, ईदगाह के पास, उज्जैन मे है। उक्त भवन एक मंजिला आरसीसी की छत का ग्यारह वर्ष पुराना निर्मित है, उक्त भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 67.50 वर्गमीटर अर्थात 750 वर्गफीट है जिसकी चतुर्सीमा में- पूर्व की ओर सडक, पश्चिम की ओर गंगानगर कालोनी, उत्तर की ओर भूखण्ड क्रमांक 97 दक्षिण की ओर भूखण्ड क्रमांक 98 का शेष भाग है, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का विक्रय अनुबंध पत्र कर लिया है, तथा अधिकतम बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री कराना बाकी है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे । ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 13-02-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत (जैन) एडव्होकेट**
**दुकान नंबर -डीएफ-7 भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स,**
**देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99260-68606**


## शिवालयों पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा, श्रद्धालुओं का लगा ताँता

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में सनातन संस्कृति और शिव भक्ति की चरम अभिव्यक्ति का पावन पर्व महाशिवरात्रि पर नगर के विभिन्न शिवालयों को आकर्षक विद्युत साज सज्जा और विभिन्न प्रजातियों की फूलों से सजाया गया, शिवालयों पर सुबह से श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों की सहभागिता ने मंदिर परिसर को भक्ति के वातावरण से सराबोर कर दिया, ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया, श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर विशाल भजन संध्या के साथ कलाकारों ने ओघड़ व शिव बनकर अपनी मनमोहन प्रस्तुति दी, उज्जैन के प्रसिद्ध श्रीराधे कृष्णा म्युजिकल ग्रुप के प्रख्यात भजन गायकों व कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी वही बहुचर्चित शंकरा ट्रांस फेम राजेश श्रीवास के भजनों की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

## 4.60 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**खाचरौद।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रतलाम रोड स्थित नंदवासला फंटा पर घेराबंदी कर रतलाम निवासी अमन शेख और चांद खाँ को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 46 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने ड्रग्स के साथ ही तस्करी में प्रयुक्त एक बुलेट हंटर मोटरसाइकिल और तीन एंड्रॉइड मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। थाना खाचरौद में आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से उनके नेटवर्क और तस्करी के मुख्य स्त्रोतों के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर रही है ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके।

## महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिरों पर आरती कर प्रसादी वितरित

**खाचरौद।** नगर में महाशिवरात्री पर्व पर सभी मंदिरो पर प्रातः से ही भक्तो पुजन अभिषेक आरती के लिये आना जाना चलता रहा। प्राचीन मंदिर श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर शाम को भव्य आरती और महाप्रसादी का वितरण किया गया। इसीप्रकार समीप शिवबालाजी मंदिर पर भी भगवान को भांग से आकर्षक श्रृंगार किया गया। आरती पश्चात महाप्रसादी वितरण किया गया। मंदिर के बाहर परंपरानुसार धार्मिक संस्थाओ द्वारा पौराणीक फरीयाली आलु की प्रसादी वितरण किया गया। मंदिर में प्रातः से ही श्रृद्वालुओ का आना जाना लगा रहा।



## संबल अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत 56 लाख रुपये की स्वीकृति

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** राजगढ़ जिले में श्रमिक वर्गीय संबल अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत विभिन्न जनपद एवं निकायों के कुल 23 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा डी-एम लॉगिन से प्रकरणों को अनुमोदित कर संबंधित निकायों को प्रेषित किया। स्वीकृत प्रकरणों के तहत कुल 56 लाख रुपये की राशि के ई-पेमेंट जारी कर भुगतान हेतु शासन को भेजे गए। जिले के जनपद एवं निकायवार स्वीकृत प्रकरणों में जनपद पंचायत ब्यावरा के 1 प्रकरण में 2 लाख रुपये, जनपद पंचायत राजगढ़ के 7 प्रकरणों में 18 लाख रुपये, जनपद पंचायत खिलचीपुर के 6 प्रकरणों में 14 लाख रुपये, जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ के 5 प्रकरणों में 14 लाख रुपये तथा जनपद पंचायत सारंगपुर के 1 प्रकरण में 2 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।


InThe Court Of Civil Judge Class-I, Tehsil Badnagar District Court, Ujjain
Presiding Officer: **श्रीमती ऋचा गोयल बंसल**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)** (RCS.A/0000185/2023)

**अब्दुल रज्जाक शेख......... वादी**
**Vs**
**अभिषेक पंवार-----प्रतिवादी**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांकः 25/03/2026**

**प्रेषिती**
(1) अभिषेक पंवार पिता घनश्याम पंवार उम्र. 31 वर्ष जाति बलाई पता-टिगरिया बादशाह शीतलामाता मंदिर के पास इंदौर जिला इंदौर मप्र

यह कि प्रार्थी अब्दुल रज्जाक शेख ने आपके विरूद्ध आर सी एस ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 14 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(ऋता गोयल बंसल)**
**प्रथम व्यबहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड बड़नगर, जिला-उज्जैन (मप्र)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनबाई में लिया जायेगा।



## कायथा में 47 वा सप्त दिवसीय रुद्र यज्ञ पूर्णाहुति के साथ समापन

**कायथा** । अति प्राचीन प्रसिद्ध आस्था के केंद्र श्री औंकारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण कायथा मे 9 फरवरी से हो रहे सप्त दिवसीय रुद्र यज्ञ का 15 फरवरी शिवरात्रि महापर्व पर पूणार्हुति के साथ समापन हुआ यज्ञाचार्य वैदिक पंडित कपिल मेहता बाजार बरखेडा सिहोर के साथ पं. जगदीश शर्मा, औम प्रकाश शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रों की लय बद्ध मात्रा व स्वरो से वातावरण भक्ती मय हो गया साथ ही स्थानीय वर्णित ब्राह्मण अशोक मेहता, लक्ष्मी नारायण शर्मा, श्रीनिवास व्यास,सुरेश चंद्र शर्मा,औम प्रकाश शर्मा सुभाष चन्द्र जोशी, स्वरुप नारायण नागर ने जप तप कर आहुतियां दी यजमान पुष्कर राज निगम ने सपत्नीक यज्ञ मे विभिन्न प्रकार की जडी. बुटीयो शुद्ध घृत से आहुतियां दी प्रतिदिन भगवान औंकारेश्वर महादेव का अभिषेक पूजन श्रंगार मंदिर के पूजारी पंडित भुवनेशचंद्र त्रिवेदी द्वारा किया गया। सप्त दिवस रुद्र यज्ञ मे क्षेत्रपाल बली व पूणार्हुति के पश्चात भगवान औंकारेश्वर के प्रतीक चांदी के मुखेटा को फूलों से सुसज्जित पालकी में बिराजमान कर कायथा पुलिस द्वारा सम्मान गारद देकर राजसी ठाट बाट से भजन कीर्तन करते हुए गाजे बाजे,के साथ नगर भ्रमण पर नगर के मुख्य मार्गो से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। स्वागत के लिए आतुर नगर वासीयों द्वारा पूष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया शिवरात्रि महापर्व होने के कारण आसपास के गाँवों से भक्तजनों मातृ शक्ति स्वरूपा बहनों बच्चों ने भगवान औंकारेश्वर के दर्शन किए नगर भ्रमण के पश्चात भगवान भोले बाबा की महाआरती मंदिर के पुजारी पंडित भुवनेशचंद्र त्रिवेदी व गौरव त्रिवेदी द्वारा की गई आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या मे भक्तजन उपस्थित थे। समिति द्वारा सभी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वालों का आभार व्यक्त किया है यज्ञाचार्य वैदिक पंडित कपील मेहता ने कहा कि पूर्णाहुति यज्ञ का अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है जो समर्पण और पूर्ण ता का प्रतीक है विशेष मंत्रों के साथ पूर्णाहति हवन सामग्री (अग्नि कुंड में अर्पित की जाती है यह दिव्य उर्जा और यज्ञ की आध्यात्मिक रुप से समर्पण का प्रतीक है पूर्णाहुति के समय यज्ञ की ऊर्जा अपने चरम पर होती है जिससे जन जन का कल्याण होता है सभी कामना पूर्ण होती है।

## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर खिचड़ी वितरण किया



**भौरासा।** शिवरात्रि पर्व पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी छोटा हनुमान चौक समिति के तत्वावधान में हुआ पांच क्विटल खिचड़ी प्रसादी का वितरण कार्यक्रम नगर के तहसील चौराहे पर आयोजित किया। सर्वप्रथम पहले हनुमानजी व बाबा भंवरनाथ महाराज को भोग लगा कर खिचड़ी प्रसाद का वितरण की शुरूआत कर प्रसादी का वितरण किया गया। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ तो सतत शाम तक चलता रहा जिसमें हजारों की संख्या में भक्तजन माता बहने और बच्चों ने खिचड़ी प्रसादी ग्रहण की इस अवसर पर छोटा हनुमान चौक समिति भौंरासा, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, दिलीप दिरवाया, किशोर कुमावत, डॉ. मोडसिंह धाकड़, विनोद कुमावत,नरेंद्र सिंह ठाकुर श्री कृष्ण राठौड़, गजेन्द्र ठाकुर अन्ना भाई, सुभाष कामदार हेमंत सिंह ठाकुर, भारत प्रजापति, कमल कुमावत,शेखर सिंह ठाकुर, प्रवीण लाहोटी, दिलीप पंचाल, प्रेम पांचाल सतीश माली, डॉ सतीश तिवारी, प्रतीक प्रजापति अभय नागर पत्रकार, संजय जाजू आदि शिव भक्तगण उपस्थित थे।

## भगवान संग महिलाओं ने खेली होली



**सुसनेर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को नगर में भक्तिमय और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। वार्ड 13 निवासी पिकी श्रवण गर्ग के निवास पर फाल्गुन माह के शुभ अवसर पर महिलाओं ने एकत्रित होकर भगवान शिव और माता पार्वती के साथ प्रतीकात्मक होली खेली।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव एवं माता पार्वती को गुलाल अर्पित किया और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक भजन एवं फाग गीत गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ढोलक और मंजीरे की मधुर धुनों पर सभी ने सामूहिक रूप से भजन गाए और महाशिवरात्रि के महत्व पर चर्चा की। उपस्थित महिलाओं ने बताया कि फाल्गुन माह और महाशिवरात्रि का यह संगम भगवान शिव और माता पार्वती के आशीर्वाद का प्रतीक है, इसलिए हर वर्ष इस तरह का आयोजन कर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया जाता है। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे को भी गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और परिवार व समाज में सुख-शांति की प्रार्थना की। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल बना रहा।

### मनकामेश्वर महादेव महिला मंडल की प्रेरक पहल, पंचम दिवस पर गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग से भक्तिमय हुआ वातावरण

# अंचल में महाशिवरात्रि पर्व भक्तिभाव के वातावरण में संपन्न









दैनिक अवन्तिका ▶▶ उन्हेल

पावन धाम मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मनकामेश्वर महादेव महिला मंडल एवं सर्व महिला मंडल, उन्हेल के तत्वावधान में आयोजित दिव्य श्रीमद् भागवत कथा श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण बनकर नगरवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी हुई है। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि नारी शक्ति, श्रम, समर्पण और संगठन क्षमता का जीवंत उत्सव है।

महिला मंडल की विशेषता यह है कि इसकी अधिकांश सदस्याएँ कृषिकार्य एवं मजदूर वर्ग से जुड़ी हुई हैं। दिनभर खेत-खलिहानों में कठिन परिश्रम करने के पश्चात भी वे धर्मकार्य में पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सेवाएँ दे रही हैं। उनके श्रमशील हाथों में सेवा का भाव, हृदय में अटूट श्रद्धा और चेहरे पर भक्ति की दिव्य आभा इस आयोजन को विशेष आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान कर रही है।

इस पुनीत आयोजन की एक और उल्लेखनीय विशेषता सर्व समाज की महिलाओं की सक्रिय सहभागिता है। कृषक एवं श्रमिक वर्ग की महिलाओं के साथ-साथ शिक्षित, समृद्ध परिवारों की महिलाएँ, गृहणियाँ एवं विभिन्न सामाजिक वर्गों की मातृशक्तियाँ समान भाव से इस आयोजन में सहयोग और सेवा दे रही हैं। यह समावेशी सहभागिता महिला एकता, सामाजिक समरसता और नारी सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दे रही है।

प्रख्यात भागवताचार्य पंडित हरिओम पाराशर के श्रीमुख से प्रवाहित हो रही कथा रसधारा श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रही है। कथा के पंचम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धन धारण प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा परंपरानुसार गोवर्धन पूजा संपन्न की गई तथा मंदिर परिसर में भगवान की आकर्षक झांकी सजाई गई।

पंचम दिवस की विशेषता भगवान को अर्पित किया गया भव्य छप्पन भोग रहा। भक्तों द्वारा श्रद्धा एवं प्रेम से तैयार किए गए विभिन्न मिष्ठान, पकवान, फल एवं पारंपरिक व्यंजनों से भगवान का भोग सजाया गया। भजन-कीर्तन, शंखध्वनि और जयघोष से संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा। भोग आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

इस भव्य आयोजन के मुख्य जजमान बलराम बंबोरिया एवं उनके परिवार के सहयोग के साथ-साथ नगरवासियों के जनसहयोग ने भी आयोजन को दिव्यता और भव्यता प्रदान की है। महिला मंडल द्वारा की गई अनुशासित, सुव्यवस्थित एवं समर्पित व्यवस्थाएँ श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल हल्कारा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन, नगर परिषद उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय, वरिष्ठ भाजपा नेता मंगेश वर्मा, पार्षद गण संजय शिंदे, द्वारकाधीश सोनी, रामचंद्र चौहान, योगेश शेट्टी, गोविंद नांदेड़, मनोहर लाल ढोडरिया, नंदकिशोर नांदेड़ा, महेश बैरागी, तेजूलाल जटिया, रामेश्वर अंजना, पवन संखला, गोल्डी जायसवाल, डॉ. ओम बैरागी, जगदीश धाकड़, जीतू पांचाल, दिनेश ढोडरिया, सुजान गंधर्व, जगदीश नांदेड़ा, दिनेश सांखला, रमेश बंबोरिया, भागीरथ राठौर, कन्हैयालाल राठौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

नगरवासियों ने महिला मंडल की इस प्रेरणादायी पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे नारी शक्ति, संगठन क्षमता और अटूट आस्था का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। महिला मंडल ने यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची श्रद्धा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि समर्पण और विश्वास से हर कार्य संभव हो जाता है।

निश्चित ही भगवान मनकामेश्वर महादेव की असीम कृपा से महिला मंडल की यह धर्मसेवा निरंतर समाज में भक्ति, संस्कार, सेवा और एकता की ज्योति प्रज्ज्वलित करती रहेगी।

**भौरासा**

नगर में शिवरात्री के उपलक्ष्य बाबा भंवरनाथ मंदिर सहित नगर के समस्त शिव मंदिरों को फूलों की लड़ियों ओर रंगबिरंगी विद्युत साज सज्जा के साथ सजाया गया

सुबह ब्रम्ह मोहर्रत से ही भक्तो का मंदिर में पहुंचना शुरू हो गया था देखते ही देखते भक्तो की लंबी लाइन लगना शुरू हो गई जिससे भक्तो को लाइन में लगकर नगर के राजा जिसके नाम से नगर जाना जाता है बाबा भवरनाथ के दर्शन किये व साथ ही नगर के नीलकंठेश्वर, गोपेश्वर,वैष्णेश्वर, ऋणमुक्तेश्वर, मनकामेश्वर ,सहित नगर के समस्त शिवालयों पर भक्तों की भीड़ सुबह से ही देखने को मिली बाबा भंवरनाथ मंदिर पर अत्यधिक भीड़ के चलते पुलिस प्रशासन द्वारा गर्भगृह के बाहर से ही दर्शन करवाए गए। शिवरात्रि के अवसर पर बाबा भवरनाथ महाराज आज अपने नगर का हालचाल जानने सवारी में निकले जहां भक्तों ने अपने घर द्वार पर पुष्प वर्षा कर स्वागत कर पूजा अर्चना की सवारी मंदिर प्रांगण से होते हुए पूरे नगर का भृमण कर पुनः मंदिर परिसर में सवारी पहुची जिससे बाद मंदिर पुजारी बबलू शर्मा द्वारा बाबा की भव्य आरती कर प्रसाद वितरण किया गया

**महिदपुर**

नगर में महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही शिवालयों में पूजा-अर्चना और अभिषेक का क्रम प्रारंभ हो गया। मंदिरों को आकर्षक पुष्प सज्जा एवं विद्युत रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरा नगर शिवमय वातावरण में रंगा नजर आया। नगर के प्रमुख शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। विशेष रूप से शहर से कुछ दूरी पर स्थित दुर्झटेश्वर महादेव मंदिर एवं धनवंतरी महादेव मंदिर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। इन मंदिरों में ग्रामीण अंचलों से आने वाले भक्तों की संख्या अधिक रही। वहीं मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में दोपहर के समय अनिल उज्जैनी द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तजन भक्ति रस में सराबोर हो गए। सायं 4 बजे जेल रोड से भव्य शिव बारात निकाली गई। बारात में अखाड़ों के करतब, सुसज्जित घोड़े, बग्गी, बैंड-बाजे एवं डीजे की धुनों के बीच भगवान भोलेनाथ शाही पालकी में विराजमान थे। श्रद्धालु ह्लहर-हर महादेवह्व के जयघोष के साथ पूरे मार्ग में शामिल रहे। शोभायात्रा नगर भ्रमण के पश्चात पुनः जेल रोड स्थित मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

पूरे दिन नगर में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा और भक्तों ने व्रत-उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना की।

**जगोटी**

महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार को जगोटी सहित क्षेत्र के गांवों में शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। यहां तो छः किमी पश्चिम में स्थित प्राचीन श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर पर अलसुबह से सायं तक लगभग चालीस से अधिक गांवों के श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया, अधिकांश गांवों से महिलाएं पैदल मंदिर पहुंची व अभिषेक किया। घटिया जगोटी स्थित धूनी वाले भोलेनाथ, श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, श्री चैतन्य हनुमान मंदिर परिसर स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर, श्री सिध्देश्वर महादेव मंदिर व चारधाम मंदिर परिसर स्थित रामेश्वरम धाम में पंचामृत अभिषेक पूजन के साथ विविध धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। कबीर चौराहे पर शिव मंदिर मे भी श्रद्धालुओं की जलाभिषेक हेतु भीड़ लगी रही।

### पारंपरिक मेले का फीता काटकर किया शुभारंभ

## प्रेम स्नेह और आपसी समन्वय के लिए होना चाहिए मेले के आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भौरासा



नगर में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में वर्षो पुरानी परंपरा का निर्वाह करते हुए इस वर्ष भी नगर परिषद के सहयोग से मेले का आयोजन किया जा रहा हे मेले में कई प्रकार के मनोरंजन और रात्रि में रंगारंग कार्यक्रम किए जाते है व दूर दूर से व्यापारी अपनी दुकान लगाने नगर भौरासा में पहुंचते है इस कड़ी में नगर में मेले का शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता काट कर किया गया जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर,जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव के साथ मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा,नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी के द्वारा किया गया। उसके पश्चात बाबा भंवरनाथ मंदिर पर देव दर्शन कर क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

इस शुभ अवसर पर डॉ सोनकर ने कहा कि ये नगर की वर्षों पुरानी परम्परा हे जो आज सभी आपसी समन्वय कर उत्साह के साथ मेले घूमने आते हे जहां आज डिजिटल समय के साथ आगे बढ़ रहे हे वहीं मेले के आयोजन से हमारी पुरानी पारंपरिक संस्कृति बनाई हुई हे मेले में कई प्रकार के सांस्कृतिक, धार्मिक, शिक्षाप्रद कार्यक्रम और आपसी में प्रेम स्नेह बढ़ाने का एक अवसर होता हे साथ ही मनोरंजन के कई साधन होते हे आज के डिजिटल समय में जमीनी स्तर पर इन सभी कार्यक्रमों को देखना एक गर्व की बात है। जो आज नगर भौरासा इससे जीवित रखे हुए हे और यह 10 दिवसीय मेले के आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटारिया,भाजपा नेता बाबूलाल डोडिया,नगर परिषद उपाध्यक्ष जयसिंह राणा,जसवंत राजपूत, मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल,पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रमोद पालीवाल,नरेंद्र माली, प्रदीप मंत्री,अजब सिंह धाकड़, गोरधन बोडाना,हिम्मतसिंह ठाकुर, शांतिलाल कुमावत,नीरज ठाकुर, रामचरण पटेल,गौरव माली,सचिन यादव,विनोद डोडिया,बद्रीलाल लोधी,मनोहर माली, व आदि नगर और भाजपा के कार्यकर्तगणो गणमान्य नागरिकगणो की उपस्थिति के साथ नगर परिषद अधिकारी सविता सोनी ओर समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### सैकड़ों आपत्तियां खारिज, अब नहीं कटेंगे नाम, 21 को नई वोटर लिस्ट

**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान दर्ज कराई गई करीब सैकड़ो आपत्तियों को जांच में गलत पाया गया है। इसके बाद इन्हें खारिज कर दिया गया है। रिकॉर्ड के मुताबिक, एक-एक आवेदन के साथ 30 से 150 तक नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 प्रस्तुत किए गए थे। बीएलओ स्तर पर जब भौतिक सत्यापन और दस्तावेजों की जांच की गई तो अधिकतर आपत्तियां तथ्यहीन निकलीं। इसके बाद संबंधित नामों को सूची से नहीं हटाने का निर्णय लिया गया। प्रशासन के अनुसार 14 फरवरी तक पूरी प्रक्रिया समाप्त कर ली गई है और 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी।



**2 हजार 940 नए नाम जोड़े**

सारंगपुर विस में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ड्राफ्ट रोल 23 दिसंबर को जारी किया गया था। इसके बाद दावे-आपत्तियों के साथ नए नाम जोडने और संशोधन की प्रक्रिया चली। विकासखंड में करीब 2940 नए नाम जोडे जाने के लिए फार्म-6 भरे गए। जबकि संशोधन के लिए 1170 लोगो ने फार्म-8 भरें है।



### संतरे की कम हो रही आवक, 40 से 70 रुपये किलो तक दाम

**सारंगपुर।** गर्मी के शुरू होने में अभी समय शेष है, लेकिन अभी से संतरा जैसे मौसमी फल की आवक शुरू हो गई है। व्यवसायियों के अनुसार विकासखंड अभी संतरे की रोज खपत बढ़ने लगी है। हालांकि इस बार संतरे के पेड़ों में फल कम लगा है इसलिए अभी मीडियम संतरा 40 से 70 रुपए प्रति किलो और अच्छी क्वालिटी का संतरा 50 से 80 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। फल व्यवसायियों के अनुसार आने वाले दिनों में सारंगपुर के साथ-साथ अन्य जगहों से भी संतरे की आवक शुरू हो जाएगी, फिर भाव में कुछ कमी आ सकती है। सारंगपुर क्षेत्र के संतरे की देशभर में डिमांड रहती है। क्षेत्र के वातावरण में होने वाला संतरा देशभर में सबसे मीठे फल के रूप में पहचान बना चुका है। यहां के संतरे का छिलका ज्यादा मोटा होने के कारण कई दिनों तक स्टोर कर रखा जा सकता है। ऐसे में देशभर में यहां के संतरे की मांग रहती है। संतरा अभी थोक में थोड़ा महंगा बिक रहा है। यह फसल फरवरी के अंतिम सप्ताह से मार्च तक पककर तैयार हो जाती है, लेकिन असामान्य वर्षा की चपेट में आने से फसल पर विपरीत असर पड़ता है।

# सारंगपुर में दिन का तापमान बढा, गर्मी का एहसास, पंखे-कूलर चलाना शुरू

**कृषि विभाग ने दी फसल सूखने के बाद काटने की सलाह**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

सारंगपुर में मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी है। दिन और रात के तापमान में लगातार बढोतरी दर्ज की जा रही है, जिससे अब लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान लगभग 31 डिग्री रहा। दोपहर में तेज धूप निकलने के कारण दिन में गर्मी महसूस की गई, जिसके चलते लोगों ने पंखे और कूलर का उपयोग भी शुरू कर दिया है। हालांकि, सुबह और रात के समय अभी हल्की ठंडक बनी हुई है।

**आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा**

मौसम विशेषज्ञ के अनुसार, आने वाले दिनों में अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमानों में लगातार वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे सुबह और शाम की ठंड से भी राहत मिल जाएगी, जबकि दिन के समय गर्मी का असर और तेज होगा।

**कृषि विभाग ने दी फसल सूखने के बाद काटने की सलाह**



किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी फसलों को अच्छी तरह सूखने और पक जाने के बाद ही काटें। ऐसा करने से उन्हें मंडियों में अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आएगी। हमने किसानों यह भी बताया कि गांवों में फसल कटाई के समय किसानों को कई तरह की सावधानियां रखनी होंगी। खेतों में ट्रांसफार्मर के नीचे के क्षेत्र से घास पूरी तरह साफ करने, धूम्रपान न करने और खेतों में नरवाई न जलाने की सलाह दी। इन बातों का ध्यान रखने से आगजनी की घटनाओं से बचा जा सकता है।

**राजेश राजपूत, एसएडीओपी, कृषि विभाग, सारंगपुर।**

मौसम विभाग के आंकडों के मुताबिक, रविवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया था। कुल मिलाकर, सारंगपुर में मौसम अब धीरे-धीरे सर्दी से निकलकर गर्मी की ओर बढ रहा है।

**क्षेत्र की फसल पकने को आई**

सारंगपुर क्षेत्र में ठंड का दौर लगभग समाप्त हो होने के बीच सुबह और शाम के समय अभी भी हल्की ठंड महसूस की जा रही है। दोपहर में गर्मी का अहसास होने लगा है। किसानों के लिए मौसम सामान्य बना हुआ है। कई क्षेत्रों में गेहूं की फसल पकने की कगार पर है

### डोबड़ा जोगी में पुलिया के निर्माण कार्य का मंत्री ने किया भूमिपूजन



**सारंगपुर।** जनसेवा और विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता निरंतर जारी रहेगी। हमारी सरकार लगातार क्षेत्र को विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही है और इसी तरह हर गांव में मूलभूत सुविधा से जुड़े कार्य होते रहेंगे। उक्त उद्गार रविवार को सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डोबड़ा जोगी में 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पुलिया के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते हुए मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने ग्रामीणों को विकास की सौगात और सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पुलिया के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष देव नागर, विनोद पाटीदार, गिरिवर भंडारी, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अप्रैल से लागू हो सकता है भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता, संसद से मंजूरी का इंतजार

**पिछले साल जुलाई में हुए भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता अप्रैल 2026 में लागू होने की संभावना है। हालांकि इस समझौते पर ब्रिटिश संसद की मुहर लगना अभी बाकी है।**

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच पिछले वर्ष जुलाई में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता अप्रैल 2026 से लागू होने की संभावना है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्ष इस समझौते को इसी वर्ष अप्रैल से प्रभावी करने की उम्मीद कर रहे हैं। 24 जुलाई 2025 को हुए इस समझौते के तहत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात उत्पाद ब्रिटेन के बाजार में शून्य शुल्क पर प्रवेश कर सकेंगे। वहीं भारत में कार और व्हिस्की जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर आयात शुल्क घटाया जाएगा।

### समझौते के अमल में आने से पहले ब्रिटेन की संसद की मंजूरी जरूरी

अधिकारी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन ने डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिससे अस्थायी कर्मचारियों को किसी भी देश में सामाजिक अंशदान दोबारा नहीं देना पड़ेगा। संभावना है कि दोनों समझौते एक साथ लागू किए जाएं। समझौते के अमल में आने से पहले ब्रिटेन की संसद की मंजूरी जरूरी है। भारत में ऐसे अंतरराष्ट्रीय समझौतों को केंद्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिलती है। ब्रिटिश संसद की मंजूरी के बाद आपसी सहमति से लागू होने की तारीख तय की जाएगी।

ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में इस सप्ताह की शुरूआत में भारत-ब्रिटेन सीईटीए पर चर्चा हुई। व्यापार एवं उद्योग विभाग में राज्य मंत्री क्रिस ब्रायंट ने लेबर सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि यह समझौता बड़ी उपलब्धि है और इससे ब्रिटेन के कारोबार के लिए भारत के बाजार के दरवाजे पहले से कहीं अधिक खुलेंगे।

संसदीय प्रक्रिया के तहत समझौते पर दोनों सदनों- हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स में बहस होगी तथा संबंधित समितियां इसके सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगी। इस समझौते का लक्ष्य 2030 तक दुनिया की पाँचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं भारत और ब्रिटेन के बीच 56 अरब डॉलर के व्यापार को दोगुना करना है।

### भारत में आएंगे ये ब्रिटिश उत्पाद

समझौते के तहत भारत ने चॉकलेट, बिस्कुट और प्रसाधन सामग्री जैसे उपभोक्ता उत्पादों के लिए अपना बाजार खोला है, जबकि भारत को वस्त्र, जूते, रत्न-आभूषण, खेल सामग्री और खिलौनों जैसे निर्यात उत्पादों के लिए ब्रिटेन में अधिक पहुँच मिलेगी।

स्कॉच व्हिस्की पर आयात शुल्क तुरंत 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा और 2035 तक इसे घटाकर 40 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत पाँच वर्षों में चरणबद्ध तरीके से आयात शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत तक लाएगा। इसके बदले भारतीय वाहन निर्माताओं को निर्धारित कोटा व्यवस्था के तहत विद्युत और हाइब्रिड वाहनों के लिए ब्रिटेन के बाजार में प्रवेश मिलेगा।

**अमेरिका-भारत ट्रेड डील के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में 19,675 करोड़ रुपये डाले हैं। फरवरी महीने में विदेशी निवशक भारतीय बाजार में लौटे हैं।**

# भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की दमदार वापसी, आया 19,675 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** फरवरी की शुरूआत में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार में मजबूत वापसी दर्ज की है। महीने के पहले पंद्रह दिनों में ही उन्होंने 19,675 करोड़ रुपये का निवेश कर दिया। लगातार तीन महीनों तक हुई भारी बिकवाली के बाद अब घरेलू बाजार में उनकी रुचि फिर बढ़ती दिख रही है। विशेषज्ञ इसके पीछे अमेरिका-भारत व्यापार समझौते की उम्मीदों और वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में आई नरमी को प्रमुख वजह मान रहे हैं।




### नए आंकड़े

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीनों में एफपीआई ने भारतीय बाजार से बड़ी मात्रा में बिकवाली की थी।

जनवरी में उन्होंने 35,962 करोड़ रुपए, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपए और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपए निकाले थे।

लगातार निकासी से घरेलू शेयर बाजार पर दबाव बना रहा और इससे वैश्विक निवेशकों की सतर्क सोच भी झलकती रही।

साल 2025 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल मिलाकर 1.66 लाख करोड़ रुपए (लगभग 18.9 अरब डॉलर) निकाल चुके हैं।

### फरवरी में बदली स्थिति

यह आंकड़े हाल के वर्षों में विदेशी निवेश के लिहाज से सबसे कमजोर दौरों में से एक माना जा रहे हैं। बिकवाली की बड़ी वजहों में रुपए में उतार-चढ़ाव, वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिका की संभावित टैरिफ नीतियों की चिंता और भारतीय बाजार में ऊंचे शेयर मूल्य शामिल रहे। हालांकि, फरवरी में सुधार के संकेत दिखे हैं। 13 फरवरी तक हुई 11 ट्रेडिंग सत्रों में से 7 दिन एफपीआई ने खरीदारी की, जबकि 4 दिन उन्होंने बिकवाली की। ज्यादातर दिनों में खरीदारी के बावजूद इस महीने अब तक के आंकड़े बताते हैं कि एफपीआई ने कुल मिलाकर 1,374 करोड़ रुपए के शेयर शुद्ध रूप से बेचे हैं।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि हालिया निवेश से विदेशी निवेशकों का भरोसा बेहतर होता दिख रहा है, लेकिन इस रफ्तार को बनाए रखने के लिए वैश्विक बाजारों में स्थिरता और व्यापार व मौद्रिक नीतियों पर स्पष्टता जरूरी होगी।

इसी बीच, शुक्रवार (13 फरवरी) को भारतीय शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुए। कमजोर वैश्विक संकेतों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर संभावित असर को लेकर बढ़ती चिंताओं का असर बाजार पर दिखा। इस दौरान, बीएसई का प्रमुख सूचकांक 1,048 अंक यानी 1.25 प्रतिशत गिरकर 82,626.76 पर बंद हुआ। तो वहीं, एनएसई निफ्टी 336.10 अंक यानी 1.30 प्रतिशत गिरकर 25,471.10 पर बंद हुआ।

**10 देशों की 15 दिग्गज टेक कंपनियों ने मिलाया हाथ**

# वैश्विक स्तर पर मुहैया कराएंगे भरोसेमंद तकनीक

**नई दिल्ली।** तकनीक को लेकर वैश्विक सीमाओं से परे भरोसा और उच्च मानक कायम करने के लिए 10 देशों की 15 दिग्गज टेक कंपनियों ने हाथ मिलाया है। अफ्रीका, एशिया, यूरोप और नॉर्थ अमेरिका की इन अग्रणी कंपनियों ने ट्रस्टेड टेक एलायंस (टीटीए) के गठन की घोषणा की है। समान सोच वाले वैश्विक टेक्नोलॉजी प्रदाताओं के इस समूह में भारत की ओर से जियो प्लेटफॉर्म शामिल है।

जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान टीटीए का ऐलान किया गया, जिसका उद्देश्य कनेक्टिविटी, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक फैले टेक्नोलॉजी स्टैक के लिए भरोसेमंद और सत्यापित मानक विकसित करना है। इसके संस्थापक सदस्यों में अमेजन, वेब सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल क्लाउड, एरिक्सन, नोकिया, एसएपी और एनटीटी समेत 15 कंपनियां शामिल हैं।



### सुरक्षित ढांचे के लिए परस्पर सहयोग जरूरी

माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयरमैनऔर प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने कहा कि मौजूदा वैश्विक माहौल में समान सोच वाली कंपनियों का साथ आना जरूरी है ताकि सीमाओं के पार तकनीक में भरोसा और उच्च मानक कायम रह सकें। एरिक्सन के सीईओ बोर्ये एकहोम ने कहा कि कोई एक कंपनी या देश अकेले सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल ढांचा नहीं बना सकता, इसके लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है।

### पांच प्रमुख सिद्धांतों पर काम करेगा टीटीए

टीटीए के तहत सदस्य कंपनियों ने पांच प्रमुख सिद्धांतों पर सहमति जताई है। इनमें पारदर्शी कॉरपोरेट गवर्नेंस और नैतिक आचरण, सुरक्षित विकास प्रक्रिया और स्वतंत्र मूल्यांकन, मजबूत सप्लाई चेन व सुरक्षा निगरानी शामिल है।

## Sport

**भारत महिला टीम ने पहले महिला टी20 में ऑस्ट्रेलिया महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को डीएलएस नियम के तहत 21 रन से हराया। अरुंधति रेड्डी की चार विकेट की घातक गेंदबाजी और बारिश से प्रभावित मुकाबले में मजबूत स्थिति ने भारत को जीत दिलाई।**

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत का जीत से आगाज, मेजबानों को 21 रन से हराया

**सिडनी।** भारत महिला टीम ने बारिश से प्रभावित पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) नियम के तहत 21 रन से हराकर शानदार शुरूआत की। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी की घातक गेंदबाजी इस जीत की सबसे बड़ी वजह रही। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।




### ऑस्ट्रेलिया की पारी

पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरूआत की और 2.2 ओवर में 22 रन बना लिए। हालांकि, रेणुका सिंह ने बेथ मूनी (5) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद जॉर्जिया वोल (18) भी जल्दी पवेलियन लौट गईं।

एलिस पैरी (20) और फोएबे लिचफील्ड (26) ने तीसरे विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अरुंधति की गेंद पर पैरी का शानदार कैच लेकर इस साझेदारी को तोड़ा।

दीप्ति शर्मा ने एशले गार्डनर (4) को आउट किया, जबकि अरुंधति ने लिचफील्ड को चलता किया।

10 ओवर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 5 विकेट पर 80 रन हो गया था। इसके बाद जॉर्जिया वेयरहम (30) और निकोला कैरी (12) ने छठे विकेट के लिए 41 रन जोड़े और टीम को 100 रन के पार पहुंचाया।

लेकिन 14वें ओवर में अरुंधति ने वेयरहैम को आउट कर साझेदारी तोड़ी।

श्री चरणी ने अगले ओवर में कैरी को पवेलियन भेजा। अरुंधति रेड्डी ने 4 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई पारी को 18 ओवर में 133 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच विकेट मात्र 12 रन के भीतर गंवा दिए।

### भारत की पारी

134 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत भी आक्रामक रही। शेफाली वर्मा ने 11 गेंदों में 21 रन बनाए, लेकिन नई कप्तान सोफी मोलिन्यु की गेंद पर आउट हो गईं।

इसके बाद उपकप्तान स्मृति मंधाना (नाबाद 16) और जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 9) ने तेजी से रन जुटाए। भारत ने 5.1 ओवर में 50 रन बना लिए थे कि तभी बारिश आ गई और मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका।

डीएलएस नियम के अनुसार 5.1 ओवर के बाद बराबरी का स्कोर 29 रन था, जबकि भारत 50 रन बना चुका था। इस आधार पर भारत को 21 रन से विजेता घोषित किया गया।

इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सीरीज में शानदार आगाज किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया नई कप्तान सोफी मोलिन्यु की अगुवाई में नए दौर की शुरूआत कर रहा है।

# नॉकआउट मैच में केएल राहुल का धमाका, दामाद के शतक पर जश्न में डूबे सुनील शेट्टी

**लखनऊ।** रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले में केएल राहुल का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 2025-26 सीजन के सेमीफाइनल में उत्तराखंड के खिलाफ शानदार शतक जड़कर अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखी। यह मुकाबला लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जा रहा है।

### पहले दिन राहुल का दमदार प्रदर्शन

राहुल ने कप्तान मयंक अग्रवाल के साथ पारी की शुरूआत संभलकर की। हालांकि नौवें ओवर में आदित्य रावत ने मयंक (5 रन) को आउट कर कर्नाटक को झटका दिया। इसके बाद राहुल ने मोर्चा संभाला और देवदत्त पडिक्कल के साथ दोहरी शतकीय साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। पहले सत्र में संयम से खेलने के बाद दूसरे सत्र में राहुल ने आक्रामक रुख अपनाया और 153 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह इस सीजन के नॉकआउट मुकाबलों में उनका लगातार दूसरा शतक है।




### फर्स्ट क्लास करियर में 25वां शतक

यह राहुल के फर्स्ट क्लास करियर का 25वां शतक है। इससे पहले क्वार्टरफाइनल में मुंबई के खिलाफ उन्होंने 130 रन की पारी खेली थी। 119वें फर्स्ट क्लास मैच में राहुल ने 8,880 से ज्यादा रन बना लिए हैं। उनका औसत 44 से अधिक है, जिसमें 41 अर्धशतक और 25 शतक शामिल हैं।

### दामाद के शतक पर ससुर के रिएक्शन ने लूटी महफिल

राहुल की इस पारी के बाद सोशल मीडिया पर जश्न का माहौल है। उनके ससुर और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी भी दामाद के शतक पर खुशी से झूमते नजर आए, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। राहुल ने टेस्ट क्रिकेट में 67 मैचों में 4,053 रन बनाए हैं, जिसमें 11 शतक और 20 अर्धशतक शामिल हैं। इनमें से 10 शतक बतौर ओपनर आए हैं। भारत के लिए टेस्ट में ओपनर के रूप में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ सुनील गावस्कर (33), वीरेंद्र सहवाग (22) और मुरली विजय (12) ने लगाए हैं।

# भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बरकरार रखी नो हैंडशेक नीति, सूर्यकुमार ने नहीं मिलाया हाथ

**कोलंबो।** भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में नो हैंडशेक नीति बरकरार रखी है। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के दौरान पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाए। भारत ने पिछले साल एशिया कप से ही चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ यह नीति रखी है जिसे विश्व कप में भी जारी रखा है। इस बात को लेकर काफी चर्चा थी कि भारतीय टीम का रुख क्या होगा।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के दौरान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाए। यह तय माना जा रहा था कि भारत नो हैंडशेक की नीति जारी रखेगा और उम्मीद के अनुरूप सलमान को नजरअंदाज किया। भारत ने एक बार फिर अपनी नीति स्पष्ट रखी है कि वो सिर्फ पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट का मुकाबला खेलेगा।

मैच से पहले सूर्यकुमार यादव ने संकेत दिए थे कि भारत के रवैये में कोई बदलाव नहीं होगा। सूर्यकुमार ने पूरी तरह पत्ते नहीं खोले थे, लेकिन उनकी बातों से लगा था कि भारत नो हैंडशेक नीति जारी रखेगा। यह बात तब साफ हो गई थी जब सूर्यकुमार और सलमान में से किसी ने भी हाथ मिलाने का वादा नहीं किया था, जबकि पाकिस्तान के कप्तान ने कहा कि वह क्रिकेट की भावना को बनाए रखना चाहेंगे।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस,
हार फूल की गली,
फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड,
संजोग गेस एजंसी के सामने
19'x55' और 15'x55'
साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र
100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से
15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक
लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले
कारीगरों की व शर्ट व
सफारी बनाने वाले
कारीगरों की
आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास
रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी,
थोक रेट में टनों से
10-10 किलो के बंडल
में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज
मंडी के सामने 2400 स्क्वे.
फीट का शोरूम रेंट पर देना
है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व
सेल्समेन की आवश्यकता है।
वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और
विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग
भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की
आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### भारी ट्रैफिक के बीच स्ट्रेचर पर दो महिलाएं मरीज को ले जाती दिखीं

**इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में पहचान रखने वाले इंदौर की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर तीखी बहस छेड़ दी। यह वीडियो सरकारी अस्पताल एमवाय के बाहर का बताया जा रहा है, जिसमें दो महिलाएं एक मरीज को पहिए वाले स्ट्रेचर पर लेकर सड़क पार करती नजर आ रही हैं। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि दोनों महिलाएं, जो संभवतः मरीज की परिजन हैं, भारी ट्रैफिक के बीच शासकीय डेंटल कॉलेज के सामने से गुजरती हुई एमवाय अस्पताल की ओर बढ़ती हैं। अस्पताल का मुख्य गेट बंद होने के कारण उन्हें मरीज को स्ट्रेचर पर ही धकेलते हुए अगले गेट तक जाना पड़ता है। यह पूरी घटना करीब 1 मिनट 21 सेकंड के वीडियो में कैद है। इस वीडियो ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहला, यदि यह स्ट्रेचर सरकारी अस्पताल का है तो वह अस्पताल परिसर से बाहर सड़क पर कैसे पहुंचा? दूसरा, ऐसी कौन-सी परिस्थितियां रहीं कि परिजनों को मरीज को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए खुद इस तरह संघर्ष करना पड़ा? यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इंदौर निवासी संदीप मीणा द्वारा (इंदौर अपडेट) पेज पर अपलोड किया गया है। संदीप मीणा के अनुसार, यह वीडियो 13 फरवरी की दोपहर 1.39 बजे का है, जिसे 16 फरवरी की शाम को सोशल मीडिया पर साझा किया गया। वीडियो सामने आने के बाद लोगों और सोशल मीडिया यूजर्स कई सवाल उठा रहे हैं कि क्या इंदौर जैसे बड़े और स्वच्छता में सिरमौर शहर में मरीजों को इस तरह सड़कों पर स्ट्रेचर धकेलने को मजबूर होना चाहिए। अब यह मामला केवल एक वीडियो तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाओं, बंद गेट, आपातकालीन सुविधाओं और मरीजों की सेवाओं से जुड़े सवाल भी खड़े कर रहा है।

### निगम आयुक्त पहुंचे ट्रेंचिंग ग्राउंड, धीमे काम को लेकर एजेंसी को लगाई फटकार

**इंदौर।** सोमवार को नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल देवगुराडिया में ट्रेंचिंग ग्राउंड और बिचोली हैप्सी में सिटी फॉरेस्ट क्षेत्र पहुंचे। ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित अलग-अलग प्लांट्स- बायो सीएनजी प्लांट, नेप्रा, स्वच्छता परी, सूखा कचरा निपटान प्लांट, ग्रीन वेस्ट प्लांट और सिटी फॉरेस्ट परिसर और प्रजेंटेशन देखकर पूरी जानकारी ली। आयुक्त सबसे पहले बायो सीएनजी गैस प्लांट पहुंचे। यहां पर उन्हें कितना गिला कचरा आता है, वेट कैसे करते,अपशिष्ट से गैस उत्पादन की पूरी प्रोसेस, मशीनरी संचालन, गैस आउटपुट, वितरण व्यवस्था एवं गैस के उपयोग संबंधी जानकारी दी। फिर उन्होंने स्वच्छता परी परिसर का दौरा किया और यहां लगाए गए फारेस्ट, उनके रखरखाव और संरक्षण की जानकारी ली। उन्होंने नेप्रा प्लांट पर सूखे कचरे के निपटान, सूखे कचरे को अलग-अलग करने के प्लांट को देखा। उन्होंने रोजाना आने वाले कचरे की मात्रा, काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या, उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, सीएंडडी वेस्ट मटेरियल के संकलन व प्रसंस्करण की पूरी प्रोसेस, पेवर ब्लॉक के उपयोग के संबंध में पूरी जानकारी ली।

# रैगिंग करने वाले 4 छात्र पहले भी कर चुके तोड़फोड़

## 14 सीसीटीवी कैमरे तोड़े, चोरी भी की, अब निष्कासित हुए, 7 नए नियम लागू होंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में रैगिंग मामले में बीटेक प्रथम वर्ष के जिन चार छात्रों को संस्थान से सीधे निष्कासित कर दिया गया है, ये छात्र अब न तो आईईटी में पढ़ाई कर सकेंगे और न ही उन्हें भविष्य में प्रवेश की अनुमति होगी।

ये छात्र तीन महीने पहले होस्टल के 14 सीसीटीवी कैमरों की तोड़फोड़ और चोरी में भी लिप्त रहे हैं। सभी को टीसी (स्थानांतरण प्रमाण-पत्र) जारी किया जाएगा। इसके अलावा बीटेक सेकंड ईयर के आठ छात्रों को हॉस्टल से निष्कासित करते हुए प्रत्येक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं भरने की स्थिति में प्रतिदिन 100 रुपए की अतिरिक्त पेनल्टी और एक सेमेस्टर की परीक्षा से वंचित किए जाने का प्रावधान भी किया गया है।

**जबरदस्ती सिगरेट पिलाना, धमकी और मानसिक उत्पीड़न-** शिकायत के अनुसार, आईईटी के डी-हॉस्टल में सीनियर छात्र जूनियर्स को जबरन सिगरेट पीने के लिए मजबूर करते थे। मना करने पर उन्हें बैच आउट कर दिया जाता था। छात्रों को सिर झुकाकर बात करने, हाथ जोड़ने और आदेश मानने के लिए विवश किया जाता था। सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों से भी उन्हें दूर रखा जाता था।

आईईटी के डायरेक्टर डॉ. प्रदोष बंसल ने बताया कि शिकायतें सही पाई गईं और सभी तथ्यों की पुष्टि के बाद ही यह कठोर निर्णय लिया गया है। मामले की फाइल अंतिम अनुमोदन के लिए कुलपति प्रो. राकेश सिंघई के पास भेज दी गई है।




यह पहला मौका है जब रैगिंग के मामले में चार छात्रों को सीधे संस्थान से निष्कासित किया गया है। इससे पहले आमतौर पर एक या दो सेमेस्टर के लिए निलंबन की कार्रवाई होती थी।

### आगे और सख्तीः 7 नए नियम लागू होंगे

- दोषी पाए जाने पर सीधे निष्कासन।
- हर बार भारी आर्थिक जुर्माना।
- रैगिंग में सहयोग करने वालों पर भी कार्रवाई।
- सभी दोषियों को हॉस्टल से तत्काल बाहर।
- हर माह रात में अचानक हॉस्टल निरीक्षण।
- हर तीन माह में जूनियर्स के साथ प्रशासन की बैठक।

### लगातार सामने आ रहे थे गंभीर मामले

- **25 अगस्तः** एक जूनियर की पिटाई, 5 छात्र निलंबित।
- **30 सितंबरः** छात्रों द्वारा साजिश रचने का मामला, पुलिस केस।
- **1 अक्टूबरः** हॉस्टल से भागने, गार्ड को धमकाने और 16 कैमरे तोड़ने की घटना।

# पहली मंजिल से मुंह के बल गिरी महिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में शनिवार रात 25 वर्षीय महिला पहली मंजिल की बालकनी से नीचे आ गिरी। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। बताया जाता है कि कपड़े सुखाते समय महिला का संतुलन बिगड़ गया था।

चंदन नगर टीआई तिलक करोले के मुताबिक, घटना ख्वाजा चौक ग्रीन पार्क कॉलोनी की है। नीचे दुकान पर मौजूद पिता-पुत्र ने शिफा को गिरते हुए देखा तो परिवार को जानकारी दी। टीआई के मुताबिक शिफा के परिवार से पूछताछ हुई, जिसमें पता चला कि उसका संतुलन बिगड़ गया था। पुलिस ने शिफा के बयान भी लिए हैं। शिफा की छह माह पहले ही शादी हुई है। उसका पति मोहम्मद आरिफ अब्बासी गैरेज में काम करता है। मायका जूना रिसाला इलाके में है। महिला को चेहरे और हाथ-पैर में चोटें आईं हैं।

# मेट्रो के बड़ा गणपति स्टेशन के लिए हटेंगे 16 मकान

## 28 परिवारों का भविष्य अधर में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में मेट्रो परियोजना की रफ्तार बढ़ाने के लिए विस्थापन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। बड़ा गणपति क्षेत्र में प्रस्तावित भूमिगत मेट्रो स्टेशन के निर्माण में बाधा बन रहे पीलियाखाल इलाके के 16 मकानों को अगले सप्ताह जमींदोज किया जाएगा। इस कार्रवाई से 28 परिवारों के सामने रहने और बच्चों की पढ़ाई का संकट खड़ा हो गया है।

मेट्रो प्रबंधन ने विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए जिला प्रशासन के पास 1.29 करोड़ रुपए जमा करा दिए हैं। प्रशासन इन परिवारों को रंगवासा स्थित ताप्ती परिसर (प्रधानमंत्री आवास योजना) में शिफ्ट करने की तैयारी कर रहा है। रिकॉर्ड में 16 मकान दर्ज हैं, लेकिन संयुक्त परिवार होने के कारण यहां कुल 28 परिवार रहते हैं। रहवासियों का कहना है कि सभी 28 परिवारों को अलग-अलग फ्लैट दिए जाएं, क्योंकि उनके पास राजीव गांधी आश्रय मिशन के तहत आवासीय पट्टे हैं। पीलियाखाल के परिवारों की सबसे बड़ी चिंता बच्चों की शिक्षा को लेकर है। कई बच्चे राइट टू एजुकेशन के तहत बड़ा गणपति और कालानी नगर क्षेत्र के निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं।

आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस)
उज्जैन में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रोफाइनेंस (No cost EMI) में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है:-
फील्ड स्टाफः- लड़के/ लड़की,
पदः- 6 योग्यता :- 10वीं पास
सैलरी :- 13000 + इंसेंटिव+ पेट्रोल खर्च + मोबाइल खर्च
नोट- केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित हैं !
दुकान पर काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है
2 पद : सैलरी 9000/-
स्थानः- 33, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, पंचमपुरा, दो तालाब के पास, उज्जैन
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
इंटरव्यू दिनांक - 17/02/2026 मंगलवार, समय - 12 से 4 बजे
Mob. 6265895202 , 8224800652 , 9098281324

जय माता दी
उज्जैन में नाकोड़ा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड वनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाड़ी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

अवसर अवसर अवसर
श्रेयस मार्केटिंग
उज्जैन के साथ करें शुभ शुरूआत
EXCITING CAREER OPPORTUNITY
PART TIME / FULL TIME
आवश्यकता है
अनुभवी युवा/प्रोफेशनल्स (12वीं पास से एमबीए तक)
शास. / अशासकीय कर्मचारी बिजनेसमैन
गृहिणी/कामकाजी
बुजुर्ग/पेंशनर जो अपनी आय/बॉनस में वृद्धि चाहते है
ROLES
Marketing Manager
Merketing Executive
Sales Executive
Team Leader
Telecaller
WALK - IN INTERVIEW
Call or drop message on WhatsApp for interview schedule
OFFICE : नवकार पैराडाइज, तरणताल के सामने, उज्जैन
संपर्क सूत्र 9673979711, 9179656511

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मेटेरियल के पास, सोनी पंप, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com